


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 127 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 22 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




# हायर सेकेंडरी स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में बदलने का विरोध

## 800 विद्यार्थियों ने 4 घंटे तक हाईवे को रखा जाम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के बतौली में हायर सेकेंडरी स्कूल को अंग्रेजी माध्यम के आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में बदले जाने के विरोध में सोमवार को करीब 800 छात्र-छात्राओं ने अंबिकापुर-रायगढ़ नेशनल हाईवे-43 को जाम कर दिया। छात्रों ने मांग रखी कि इंग्लिश मिडियम के लिए अलग स्कूल खोला जाए। वर्तमान में आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल का संचालन हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नए बने भवन में किया जा रहा है।

बता दें कि कुछ दिनों पूर्व राज्य शासन से आदेश आया है कि अगले वर्ष से हिंदी माध्यम में बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसकी जानकारी होने के बाद विद्यार्थियों ने सड़क जाम कर दिया। अपरान्ह करीब 3.30 बजे कलेक्टर द्वारा फोन पर स्कूल को बंद नहीं करने का आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ। बतौली के शांतिपारा में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ बगल के भवन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल दो वर्ष पूर्व खोला गया था। गत वर्ष हायर सेकेंडरी स्कूल का भवन 1.23 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ तब हायर सेकेंडरी स्कूल के संसाधन नए भवन में भेज दिए गए, लेकिन यहां आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल का संचालन होने लगा।

### सुबह इंग्लिश, दूसरी पाली में हिन्दी मिडियम की कक्षा

कोरोनाकाल के बाद स्कूल खुले तो पुराने भवन में ही हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन शुरू किया गया। इसका विरोध छात्रों द्वारा करने के बाद दो पालियों में नए भवन में सुबह इंग्लिश मिडियम स्कूल एवं दूसरी पाली में हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन किया जाने लगा। इस बीच राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया कि वर्ष 1966 से संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल को आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में मर्ज कर दिया जाएगा। नए सत्र से हिंदी मिडियम में प्रवेश नहीं होगा। इसे लेकर भाजपा ने आंदोलन का ऐलान कर दिया। भाजपा के आंदोलन के ऐलान के बाद सोमवार को इसके विरोध में छात्रों ने सुबह 11 बजे हाईवे जाम कर दिया। इससे सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

### छात्रों को बताया- नाम कट जाएगा तो भड़के

हायर सेकेंडरी स्कूल को इंग्लिश मिडियम स्कूल में बदले जाने के आदेश के बाद वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों का नाम कटने की जानकारी दिए जाने पर विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर चिंतित हो गए। भाजपा के लोग आंदोलन कर रहे थे उसमें विद्यार्थी शामिल हो गए और हाईवे जाम कर दिया। हालांकि क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र का सबसे बड़ा स्कूल है। भले ही इंग्लिश मिडियम स्कूल खोजा जाए, लेकिन हिंदी मिडियम स्कूल को बंद न किया जाए।

### कलेक्टर के आश्वासन के बाद माने विद्यार्थी

भाजपा के साथ विद्यार्थियों के सड़क पर उतरकर सड़क जाम की सूचना पर सरगुजा कलेक्टर संजीव कुमार झा ने फोन कर छात्र नेताओं के साथ भाजपा के नेताओं से चर्चा की। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि हायर सेकेंडरी स्कूल बंद नहीं होगा। वर्तमान में पढ़ रहे छात्रों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अगले वर्ष से नवमीं में हिन्दी में प्रवेश नहीं दिए जाने का आदेश है। वर्तमान में पढ़ रहे छात्र बारहवीं पास कर स्कूल से निकलेंगे।

## खास-खबर

### 18 साल की ऋचा का कमाल वनडे में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

क्वींसटाउन (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। ऋचा भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज के चौथे मैच में ऋचा ने सिर्फ 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने वेदा कृष्णमूर्ति का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 32 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। हालांकि, ऋचा की रिकॉर्ड पारी भी भारतीय टीम को जीत नहीं दिला सकी और यह मैच भी टीम इंडिया 63 रन से हार गई। इस हार के साथ ही भारत पांच मैचों की सीरीज में 0-4 से पीछे हो चुका है। भारत के लिए छठें नंबर पर बल्लेबाजी करने आई ऋचा ने विस्फोटक अंदाज में खेलना शुरू किया और सिर्फ 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और चार छक्के निकले। हालांकि, अपना अधर्शक पूरा करने के बाद ही वे जेन्सन की गेंद पर अमीलिया केर को कैच देकर पवेलियन लौट गईं। जब ऋचा बल्लेबाजी के लिए आई थीं, तब भारत का स्कोर 19 रन पर चार विकेट था और 4.4 ओवर हो चुके थे। वहीं जब ऋचा पवेलियन लौटीं तो भारत का स्कोर 12.5 ओवर में 96 रन हो चुका था।




# अफसरों का प्रमोशनः राजेश मिश्र स्पेशल डीजी और दीपांशु काबरा बनाए गए एडीजी, आदेश का इंतजार




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के कुछ पुलिस अफसरों का प्रमोशन हुआ है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय ने एक बैठक की, इसमें अफसरों को प्रमोट करने पर चर्चा हुई। इसके बाद 13 आईपीएस अफसरों को प्रमोशन देकर उनका कद बढ़ा दिया गया है। जल्दी ही इसका ऑफिशियल आदेश निकलेगा।

डीपीसी में जो नाम सामने आए हैं, उनमें 1990 बैच के राजेश कुमार मिश्रा विशेष पुलिस महानिदेशक, 1997 बैच के दीपांशु काबरा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, 2004 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अभिषेक पाठक, नेहा चंपावत, अजय कुमार यादव, बद्रीनारायण मीणा, अंकित कुमार गर्ग एवं डॉ.संजीव शुक्ला को पुलिस महानिरीक्षक के दावेदारों में शामिल किया गया है।

### प्रमोशन का लंबे समय से था इंतजार

इसी के साथ 2007 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रामगोपाल गर्ग, जितेन्द्र कुमार मीणा, दीपक कुमार झा, अभिषेक शांडिल्य, धर्मेन्द्र कुमार गर्ग को पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति की अनुशंसा की गई है। जल्द ही इसका विभागीय आदेश जारी किया जाएगा। वरिष्ठ अफसर लंबे समय से प्रमोशन का इंतजार कर रहे थे।

# बड़ा हादसाः बारात से लौट रहा वाहन खाई में गिरा, 14 बरातियों की मौत



**चंपावत (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चंपावत में सोमवार को एक बड़ी अनहोनी हो गई है। चंपावत जिले के डांडा क्षेत्र में सोमवार रात बारात से लौट रहा एक वाहन खाई में गिरा, जिसमें 14 बरातियों की मौत हो गई। चंपावत से करीब 65 किमी दूर इस स्थान पर एक परिवार में शादी थी।

हादसे की सूचना के बाद पुलिस व रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। 14 शवों को खाई से बाहर निकाला गया है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। टनकपुर-चम्पावत हाईवे से जुड़ी सूखीढांग-डांडामीनार रोड पर वाहन दुर्घटना में 16 में से 14 लोगों की मौत हो गई।

ककनई निवासी लक्ष्मण सिंह के बेटे मनोज सिंह की शादी में शामिल होने सभी गए थे। ज्यादातर मृतक लक्ष्मण सिंह के सगे संबंधी बताए जा रहे हैं। चालक की हालत ज्यादा गंभीर है। मृतक ककनई के डांडा और कठौती गांव के हैं। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन क्षमता से अधिक सवारी होने से दुर्घटना की आशंका मानी जा रही है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

गंभीर रूप से घायल चालक और एक अन्य व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार वाहन में सवार सभी लोग टनकपुर के पंचमुखी धर्मशाला में हुई शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बीती रात 3 बजकर 20 मिनट के लगभग वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।

# छत्तीसगढ़ में शरिया अदालत ने दिया 'तीन तलाक', पीड़िता की याचिका पर हाई कोर्ट ने मांगा जवाब



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** शरीयत इस्लामी कोर्ट द्वारा दिए गए तीन तलाक के फैसले को चुनौती देने के मामले में हाईकोर्ट ने रायपुर स्थित इदारा-ए-शरिया इस्लामी कोर्ट के फैसले और पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है और याचिकाकर्ता महिला की याचिका स्वीकार कर उसे बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने केंद्र, राज्य, इस्लामी कोर्ट और महिला के शौहर (पति) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

रायपुर में इस्लामी कोर्ट के नाम से एक मुस्लिम महिला को तीन तलाक दे दिया गया। महिला ने इसे असंवैधानिक बताते हुए बिलासपुर हाई कोर्ट में चुनौती दी है। महिला ने याचिका में कहा कि तीन तलाक को असंवैधानिक मानते हुए मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक मुस्लिम एक्ट धारा 4 का प्रावधान किया गया है, लेकिन रायपुर के कथित इस्लामी कोर्ट ने तीन तलाक पर निर्णय सुनाते हुए मुस्लिम पति को तीन तलाक का लाभ देते हुए आदेश जारी किया है। जारी तलाक के आदेश में हस्ताक्षर कर मुस्लिम महिला के घर भेज दिया गया। महिला ने रायपुर में चल रही शरिया अदालत की वैधता और उसके फैसले पर सवाल उठाया है।

### इस्लामी कोर्ट के अस्तित्व और तलाक को चुनौती

रायपुर की पीड़िता इस महिला की शादी 18 जुलाई 2020 को डंगनिया के एक मुस्लिम युवक से हुई थी। दोनों का यह दूसरा निकाह था। शादी के कुछ महीनों बाद ही उनमें अनबन शुरू हो गई। उनका किसी भी न्यायालय में तलाक का प्रकरण नहीं चल रहा है। महिला के घर अचानक रायपुर के किसी इस्लामिक कोर्ट का आदेश आया, जिसमें उनके पति द्वारा उन्हें तलाक देने का आदेश था। महिला आश्चर्यचकित हो गई और उस आदेश के विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। पीड़ित महिला ने इस्लामी कोर्ट के अस्तित्व और तलाक के फैसले दोनों को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

### शरिया कोर्ट का फैसला जीवन के अधिकार का उल्लंघन

हाई कोर्ट के वकील देवर्षि ठाकुर ने कहा कि 'इदारा-ए-शरिया इस्लामी अदालत' ने पिछले महीने उसके खिलाफ तीन तलाक का आदेश पारित किया और उसे सुनवाई का भी कोई मौका नहीं दिया। हाई कोर्ट में दायर याचिका में महिला ने कहा कि शरिया कोर्ट का यह फैसला भारत के संविधान के तहत मिले 'जीवन के अधिकार' का उल्लंघन है। 'तीन तलाक' को सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित कर दिया है औ इसे 'असंवैधानिक' करार दिया था। 2019 के बाद यह अपराध की श्रेणी में आ गया है। माननीय न्यायालय ने इस मामले पर स्टे दिया है। देवर्षि ठाकुर ने इस पूरे मामले में अब तक कार्रवाई हो जानी थी। अगर किसी महिला को यह मामला कोर्ट में लेकर आना पड़ रहा है, यह दुर्भाग्य की बात है।

# हादसाः शादी पार्टी से लौट रहे बाइक सवार 4 दोस्तों को बोलेरो ने मारी टक्कर, चारों की मौत, एक साथ उठी अर्थी तो रो पड़ा पूरा गांव

श्रीकंचनपथ न्यूज


**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम गणेशपुर निवासी चार दोस्तों की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। देर रात 2 बजे एक दोस्त की शादी पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। उन्हें तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन दोस्तों की मौके पर व एक की सूरजपुर अस्पताल पहुंचने के बाद मौत हो गई। चारों दोस्तों की अर्थी एक साथ गांव से निकली तो पूरे गांव के लोगों की आंखें नम हो गईं। चारों दोस्तों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर निवासी कलेश्वर सिंह (22 वर्ष), रोहित सिंह (22 वर्ष), घनश्याम सिंह (19 वर्ष) व शिवनारायण सिंह (19 वर्ष) रविवार देर शाम ग्राम रामतीर्थ निवासी दोस्त की शादी पार्टी में शामिल होने गए थे। वहां से रात करीब 2 बजे चारों एक ही बाइक क्रमांक सीजी15-7627 पर सवार होकर घर लौट रहे थे। ग्राम गणेशपुर हाईस्कूल के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार में बोलेरो सीजी14- 8175 ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में चारों सड़क व खेत में जा गिरे। गंभीर चोट लगने से 3 युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### चारों दोस्तों की एक ही जगह अंतिम संस्कार



दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक घायल को देर रात सूरजपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बोलेरो भी पलट गई थी, लेकिन उसका चालक भाग निकला। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। सोमवार को चारों दोस्तों की अंतिम यात्रा एक साथ उठी और एक ही जगह पर चारों दोस्तों का अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ चार युवकों की मौत में गांव में मातम पसरा है। वहीं आज दिनभर गांव में चारों की मौत की चर्चा होती रही। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।



### युद्ध संकटः शुरू हुआ निकासी अभियान, यूक्रेन रवाना हुई एयर इंडिया की विशेष फ्लाइट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूक्रेन पर हमले की गहराती आशंका के बीच भारत ने यूक्रेन व आसपास के क्षेत्रों में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए निकासी अभियान शुरू कर दिया है। आज सुबह एयर इंडिया का विशेष विमान यूक्रेन रवाना कर दिया गया है। भारत ने इस विशेष अभियान के लिए 200 से ज्यादा सीटों वाले ड्रीमलाइनर बी-787 विमान को तैनात किया है। इसके अलावा भारत की ओर से फरवरी में दो और उड़ानों का संचालन किया जाएगा। दूसरी फ्लाइट 24 फरवरी तो तीसरी 26 फरवरी को यूक्रेन के लिए उड़ान भरेगी।

# कमजोर हो रहा कोरोना : प्रदेश में 264 नए मरीज मिले, एक की मौत, सक्रिय मामले 3 हजार से कम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण बहुत तेजी कम हो रहा है। पॉजिटिविटी दर भी 1% से नीचे है। सोमवार को प्रदेश में 264 नए केस मिले हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना से एक की जान भी चली गई। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 3 हजार से कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 14 हजार 22 लोगों की जान जा चुकी है। संक्रमण घटते ही प्रदेश में अनलॉक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को प्रदेश में 264 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बेमेतरा में 51 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद रायपुर में 38, बलरामपुर में 15, सूरजपुर में 14, बिलासपुर में 14, कोरबा में 13, कांकेर में 11, राजनांदगांव में 11, दुर्ग, बलौदाबाजार व महासमुंद में 10-10, कोरिया में 9, सरगुजा व कोंडागांव में 8-8 नए केस मिले हैं। प्रदेश के सात जिलों में साप्ताहिक संक्रमण औसत दर 0.01 से 1% के मध्य रही। वहीं 14 जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर 1.01% से 2% रही। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 2,887 हो गई है।



### बड़ी संख्या में स्वस्थ हुए मरीज

सोमवार को 28 हजार 858 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 264 मरीज मिले हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर घटकर 0.91% हो गई है। 24 घंटे में कोरोना से रायगढ़ जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। हॉस्पिटल से 105 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 675 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है। पॉजिटिविटी दर भी 1% से कम हो गई है।

### देश में 15 हजार से भी कम मामले, 235 की मौत, सक्रिय मरीज घटकर 2 लाख से नीचे

देश में कोरोना महामारी का प्रसार तेजी से कम होता जा रहा है। संक्रमितों की संख्या में जहां भारी कमी हो रही है वहीं मृतकों का आंकड़ा भी तेजी से कम हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी मंगलवार के आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटों में कोरोना के 13,405 मामले सामने आए हैं। इस दौरान 235 लोगों की मौत भी हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश में अब 1.81 लाख (1,81,075) सक्रिय मामले बचे हैं। वहीं महामारी की शुरुआत से अब तक स्वस्थ होने वाले कुल मरीजों की संख्या 4.21 करोड़ (4,21,58,510) हो गई है। रोजाना संक्रमण दर की बात करें तो यह 1.98 फीसदी हो गई है।

## संपादकीय

# शिवमोगा में तनाव

सांप्रदायिकता जब अपना खेल खेलती है, तो आमतौर पर यही होता है। चंद दिनों के भीतर ही पूरा कर्नाटक सूखे फूस के ढेर-सा लगने लगा है, जहां हर चिनगारी अब डराती है और हर घटना आग में घी डालती हुई दिखती है। राज्य के शिवमोगा जिले में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता की हत्या के बाद पूरे कर्नाटक में जो तनाव सतह पर उभर आया है, वह पूरे देश में ही सिहरन पैदा कर रहा है। उत्तर प्रदेश में, जहां इस समय विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, वहां इस तरह की खबरें नई परेशानियां भी खड़ी कर सकती हैं। हम अभी नहीं जानते कि इस हत्या का ठीक-ठीक कारण क्या था, लेकिन जो हालात हैं, उनमें इस मामले को राज्य में चल रहे हिजाब-विवाद से जोड़कर देखा जाना स्वाभाविक है। अगर यह मामला हिजाब विवाद से नहीं भी जुड़ा हो, तब भी यह विवाद को और भड़काने का काम तो करेगा ही। और अगर यह हत्याकांड हिजाब विवाद से जुड़ा है, तो इसका अर्थ यह हुआ कि राजनीति एक बेवजह विवाद को निर्ममता की हद तक खींचकर ले गई है। देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं, जो इसे किसी भी तरह हिजाब विवाद से जोड़ना चाहेंगे, क्योंकि उनके राजनीतिक हित ऐसे ही विवादों से सधते हैं। यही वजह है कि पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचे, उससे पहले ही आरोपों का ढेर लग गया है।

प्रशासन ऐसे मौकों पर खास तरह से काम करता है और उस तरह के कदम उठाए जाने की खबरें भी आ रही हैं। मूल रूप से यह विवाद स्कूल, कॉलेजों से शुरू हुआ था, इसलिए ऐसे सभी शिक्षण संस्थानों को फिलहाल बंद कर दिया गया है। सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। जिन इलाकों में तनाव बढ़ने की आशंका है, पुलिस ने उन सभी इलाकों की बैरीकेडिंग कर दी है। ऐसे प्रयासों के पीछे दरअसल कोशिश यही रहती है कि अगर कुछ लोगों में गुस्सा है या फिर किसी किस्म की अफवाहें वगैरह अगर लोगों को उत्तेजित कर रही हैं, तो टकराव की आशंकाओं को लगातार कम किया जाए। लेकिन ऐसे ही मौके पर हमें राज्य के एक मंत्री का ऐसा बयान सुनाई देता है, जो प्रशासन के इन प्रयासों पर पानी फेर सकता है।

बेशक, आग में घी डालने वाले और भी हैं। कर्नाटक में पिछले कुछ दिनों से जो कुछ हो रहा है, वह बताता है कि किसी भी तनाव के बाद शांति कायम करने वाले लोग समाज में लगातार कम होते जा रहे हैं। पक्ष और विपक्ष के ऐसे बयान लगातार ही सुनाई दे रहे हैं, जो विवाद को किसी भी तरह से ठंडा नहीं होने देंगे। इन सबकी शह पर कुछ ऐसे संगठन भी सक्रिय हैं, जो एक नितांत संवेदनशील मुद्दे का निपटारा सड़कों पर ही कर लेना चाहते हैं। समाज के बुद्धिजीवी तबके ने भी सब कुछ अदालत के भरोसे छोड़ दिया है। मुमकिन है कि अदालत हिजाब विवाद को किसी अंजाम तक पहुंचा दे, लेकिन इस बीच जो तनाव बढ़ेगा, हो सकता है, कल को वह भड़कने का कोई और बहाना खोज ले। इसलिए प्राथमिकता इसी तनाव को घटाने की होनी चाहिए। अचानक ही हमारा पूरा समाज उस मोड़ पर पहुंच गया है, जहां सहिष्णुता की बात करने वाले लोग बहुत कम हो गए हैं। इन स्थितियों को अगर जल्दी से जल्दी नहीं बदला गया, तो आज हम जो कर्नाटक के स्तर पर देख रहे हैं, वही हालात हमें देश के दूसरे हिस्सों में भी परेशान कर सकते हैं।

> “ मुमकिन है कि अदालत हिजाब विवाद को किसी अंजाम तक पहुंचा दे, लेकिन इस बीच जो तनाव बढ़ेगा, हो सकता है, कल को वह भड़कने का कोई और बहाना खोज ले। इसलिए प्राथमिकता इसी तनाव को घटाने की होनी चाहिए। अचानक ही हमारा पूरा समाज उस मोड़ पर पहुंच गया है, जहां सहिष्णुता की बात करने वाले लोग बहुत कम हो गए हैं। इन स्थितियों को अगर जल्दी से जल्दी नहीं बदला गया, तो आज हम जो कर्नाटक के स्तर पर देख रहे हैं, वही हालात हमें देश के दूसरे हिस्सों में भी परेशान कर सकते हैं।

> “ यह वास्तव में व्याख्यान, विशेष कक्षाएं, समूह चर्चा, वाद-विवाद, छात्रों की संगोष्ठी, गृह कार्य, शोध प्रबंध, प्रशिक्षण (इंटर्नशिप), मामला आधारित अध्ययन (केस स्टडी), नीति निर्माण, परियोजना मूल्यांकन, क्षेत्र अध्ययन, सर्वेक्षण, भ्रमण, वर्चुअल प्रयोगशालाओं आदि के उपयोग पर आधारित शिक्षा-विज्ञान एक उपयुक्त सम्मिश्रण है, ताकि शिक्षार्थियों का क्षमता निर्माण हो सके। डिजिटल विश्वविद्यालय में, यदि सावधानी से इसकी अवधारणा तैयार की जाती है और इसे आगे बढ़ाया जाता है, वर्तमान शिक्षण प्रणाली को एनईपी 2020 के परिकल्पित रूप में बदलने की क्षमता है।

# डिजिटल विश्वविद्यालय: शिक्षा का एकीकरण, समावेशन पर अमल

प्रो. राघवेंद्र पी. तिवारी, कुलपति,
पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय,
बठिंडा



शिक्षा प्रणाली को समावेशी, गतिशील और आधुनिक होना चाहिए ताकि वह शिक्षा ग्रहण करने वालों के एक विविध समूह की बढ़ती जरूरतों एवं आकांक्षाओं को पूरा कर सके। इस प्रणाली को सामयिक और प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने संबद्ध क्षेत्र में होने वाली प्रगति को अपनाने में समर्थ होना चाहिए। इस दृष्टि से, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) एक महान प्रवर्तक होने के साथ-साथ बेहद अशक्त बनाने वाली भी है। यदि हम सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के साथ कदम मिलाकर चलते हैं, तो यह हमारे लिए एक प्रवर्तक बन जाता है और यदि हम पिछड़ जाते हैं, तो यह हमें बेहद अशक्त बनाने वाला साबित हो जाता है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद, डिजिटल या आभासी शिक्षा दुनिया भर में सीखने ङ्क सिखाने के सबसे शक्तिशाली माध्यम के रूप में उभर रही है। ऑनलाइन शिक्षण की बदौलत शिक्षण संस्थानों के बंद रहने के कारण शिक्षा में होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सका। उच्च बैंडविड्थ इंटरनेट कनेक्टिविटी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण संबंधी सीमाओं के बावजूद, ऑनलाइन शिक्षण ने शैक्षणिक सत्रों को शून्य होने से बचाने में मदद की और छात्रों के कीमती वर्ष बच गए। कोरोना महामारी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को ऑनलाइन शिक्षण से जुड़े घटकों की प्रतिशतता को 20 से बढ़ाकर 40 करने के लिए प्रेरित किया। कई विश्वविद्यालयों ने इनफ्लिबनेट द्वारा अनुकूलित एलएमएस का सहारा लिया। इस प्रक्रिया में, शिक्षकों और छात्रों ने ऑनलाइन सीखनेङ्क सिखाने के मामले में काफी हद तक कुशलता हासिल की। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने मिश्रित शिक्षा के विनियमन से संबंधित एक मसौदा शिक्षाविदों के सुझावों के लिए अपलोड किया और विश्वविद्यालयों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम पेश करने की अनुमति दी। शिक्षा मंत्रालय ने समानता, पहुंच, गुणवत्ता और सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में सुधार के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) से जुड़ी कई पहल शुरू की है। इनमें स्वयं, अर्पित, स्वयंप्रभा, एनपीटीईएल, एनडीएल, ई-पीजी पाठशाला, शोधगंगा, ई-शोधसिंधु, ई-यात्रा, शोध शुद्धि, स्पोकन ट्यूटोरियल, वर्चुअल लैब्स, विद्वान आदि जैसी पहल शामिल हैं। आभासी शिक्षा (वर्चुअल लर्निंग) का अधिकतम लाभ उठाने के लिए उपर्युक्त एवं नए प्रयासों में तेजी लाने तथा इसे और आगे बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

भविष्य में शिक्षा प्रणाली में होने वाले विकास का पूर्वानुमान लगाते हुए, केन्द्र सरकार ने 17 मई, 2020 को कई पहल की घोषणा की। इनमें दीक्षा (एक राष्ट्र-एक डिजिटल प्लेटफॉर्म), एक कक्षा-एक चैनल (कक्षा-बारहवीं तक), दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष ई-सामग्री और उच्च शिक्षा के लिए रेडियो, सामुदायिक रेडियो एवं पॉडकास्ट और ई-ट्यूटरिंग के उपयोग समेत विविध पद्धतियों के माध्यम से डिजिटल शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ई-विद्या कार्यक्रम का शुभारंभ शामिल हैं।

ये सभी कदम स्पष्ट रूप से यह दर्शाते हैं कि सरकार डिजिटल शिक्षा के मामले में एक बड़ी छलांग की तैयारी कर रही थी, जोकि अंततः 1 फरवरी, 2022 को श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा के साथ साकार हुई। श्रीमती सीतारमण ने बताया कि इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य देश भर के छात्रों को उनके 'हाथ' में सीखने के व्यक्तिगत अनुभवों के साथ विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाली सर्वव्यापी शिक्षा प्रदान करना है। इसे एक नेटवर्क पर आधारित हब एवं स्पोक मॉडल के आधार पर स्थापित किया जाएगा। इस मॉडल में, ज्ञान एक केन्द्रीकृत हब से शुरू होगा और डिजिटल तरीके से उपयोग के लिए स्पोक (छोटे स्थानों) तक जाएगा। यहां, हब का आशय भारत के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से है और स्पोक का आशय व्यक्तिगत रूप से छात्रों से है जोकि डिजिटल मोड के माध्यम से ज्ञान के वितरण के लाभार्थी होंगे। यह डिजिटल विश्वविद्यालय सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए आईएसटीई मानकों का पालन करेगा। मूल बात यह है कि प्रत्येक हब को एक अत्याधुनिक आईसीटी प्रणाली विकसित करने की जरूरत होगी। इस योजना की खूबी यह है कि इस प्रकार के हब से निकलने वाला वाला ज्ञान विभिन्न भारतीय भाषाओं में होगा।

एक डिजिटल या आभासी विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए जाने वाले शिक्षा के विभिन्न तरीकों में दूरस्थ शिक्षा से लेकर सीधे प्रसारित, संवादात्मक कक्षाओं तक शामिल होते हैं जहां छात्र शिक्षक के साथ सीधा संवाद करते हैं। सीखने के एक अनूठे माहौल में, छात्रों को अपनी तरह के पाठ्यक्रमों में से एक समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए असाइनमेंट दिए जाते हैं। छात्र अपनी गति से असाइनमेंट पूरा करते हैं और इससे संबंधित बातचीत डिस्कशन बोर्ड, ब्लॉग, विकी आदि तक सीमित होती है। इसके उलट, समकालिक ऑनलाइन पढ़ाई वास्तविक समय में होती है, जिसमें शिक्षक और छात्र सभी एक साथ ऑनलाइन संवाद करते हैं। यह पढ़ाई लिखित (टेक्स्ट), वीडियो, ऑडियो या सभी मोड में होती है। कक्षा के निर्धारित समय के अलावा, आमतौर पर अतिरिक्त कार्य पूरे करने होते हैं। इसलिए ये पाठ सामाजिक रूप से निर्मित होते हैं। मेरे विचार से, प्रस्तावित डिजिटल विश्वविद्यालय को विविध किस्म की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में रहने वाले विभिन्न वर्गों के छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऑनलाइन शिक्षण के सभी तीन मॉडलों को अपनाना चाहिए। इसका एक अतिरिक्त लाभ यह है कि छात्र कभी भी बिना कहीं गए अपने घरों से स्नातक कर सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन संसाधन एक पुस्तकालय के तौर पर कार्य करते हैं और ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तैयार करने की सुविधा के जरिए पाठ्यपुस्तक संबंधी जरूरतों को भी पूरा किया जाता है।


हालांकि, सावधानी बरतने की बात यह है कि ऑनलाइन शिक्षण इकोसिस्टम में शिक्षार्थियों का ध्यान लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखना अत्यंत कठिन हो जाता है और इस प्रकार वर्तमान स्वरुप में यह शिक्षण-प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण हो जाती है। शिक्षकों को छात्रों का ध्यान स्क्रीन पर केंद्रित रखने के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम रचनात्मक तरीके खोजने होंगे, क्योंकि छात्र अपने घर के आरामदायक वातावरण में होते हैं। व्यक्तिगत स्तर पर शिक्षण-सामग्री और छोटे अवकाश; छात्रों के ध्यान को केन्द्रित बनाये रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, वर्तमान शिक्षण-प्रक्रिया के वातावरण को, शिक्षकों और छात्रों को नुकसान से बचाने और इसे क्लासरूम जैसा आपसी बातचीत पर आधारित बनाने के लिए अत्यधिक अनुशासित और विषय पर केंद्रित होना चाहिए। कठिन पाठों को सरल बनाकर खेल के रूप में प्रस्तुत करने के माध्यम से डिजिटल शिक्षार्थियों को प्रभावी ढंग से जोड़ा जा सकता है। यह प्रक्रिया छात्रों के सीखने के अनुभव में स्पष्टता और आनंद लाती है। कठिन पाठों को सरल बनाते हुए खेल के रूप में प्रस्तुतीकरण छात्रों की आंतरिक प्रेरणा को बढ़ाने में भी सहायता कर सकता है, जिससे शिक्षण के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

इस प्रकार, एक डिजिटल विश्वविद्यालय; राष्ट्र के लिए शिक्षण प्रक्रिया को एकीकृत करने, डिजिटल समावेश की सुविधाओं को साकार करने और समानता के आधार पर अमीर एवं गरीब के भविष्य का निर्माण करने का बड़ा अवसर हो सकता है। हालांकि, डिजिटल विश्वविद्यालय का कार्य केवल पारंपरिक पाठ्यक्रम सामग्री को डिजिटल रूप में परिवर्तित करने और ऑनलाइन तरीके के शिक्षण तक सीमित नहीं होना चाहिए। पाठ्यक्रम सामग्री को डिजिटल रूप में पेश करना, केवल डेटा या जानकारी की प्रस्तुति के समान है, यह जाने बिना कि इसका किस रूप में उपयोग किया जाना है। विश्लेषण, संश्लेषण, अनुमान करना, निष्कर्ष को सुदृढ़ करना, अनुप्रयोग क्षमता, तैयार की गयी शिक्षण-सामग्री का सत्यापन और पाठ्यक्रम के मध्य में सुधार आदि शिक्षा-प्राप्ति के चक्र को पूरा करते हैं। इसे कैसे सुनिश्चित किया जाए, यह ऑनलाइन शिक्षण प्रक्रिया की सबसे बड़ी चुनौती है। शिक्षा-प्राप्ति के हाइब्रिड मॉडल का रचनात्मक उपयोग इस कमी को दूर करने में सहायक हो सकता है। शिक्षा-प्राप्ति का हाइब्रिड मॉडल, जैसी आम धारणा है, केवल ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम के मिश्रण पर आधारित शिक्षण प्रक्रिया तक सीमित नहीं है। यह वास्तव में व्याख्यान, विशेष कक्षाएं, समूह चर्चा, वाद-विवाद, छात्रों की संगोष्ठी, गृह कार्य, शोध प्रबंध, प्रशिक्षण (इंटर्नशिप), मामला आधारित अध्ययन (केस स्टडी), नीति निर्माण, परियोजना मूल्यांकन, क्षेत्र अध्ययन, सर्वेक्षण, भ्रमण, वर्चुअल प्रयोगशालाओं आदि के उपयोग पर आधारित शिक्षा-विज्ञान एक उपयुक्त सम्मिश्रण है, ताकि शिक्षार्थियों का क्षमता निर्माण हो सके। डिजिटल विश्वविद्यालय में, यदि सावधानी से इसकी अवधारणा तैयार की जाती है और इसे आगे बढ़ाया जाता है, वर्तमान शिक्षण प्रणाली को एनईपी 2020 के परिकल्पित रूप में बदलने की क्षमता है।

**ये लेखक के निजी विचार हैं।**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





सूरत तपता, ऊर्जा देने को, जिम्मेदार आदमी समझता है थकान को, गुरू समझते हैं शिष्य के अज्ञानता को, मां समझती सारे संसार को।

-अंजली जैन
7024460938





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239





























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़









## खास खबर

### चिकित्सकीय शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा को लेकर जिले को काफी अपेक्षाएं : डॉ. चरणदास महंत

**रायपुर।** मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. वायडी बडगैय्या व प्रबंधन समिति के अधिकारियों के साथ मुलाकात कर मेडिकल कॉलेज की प्रगति को लेकर आवश्यक जानकारियां ली। कॉलेज के डीन डॉ. बडगैय्या ने स्पीकर डॉ. महंत को अवगत कराया कि मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए एक बार फिर नेशनल मेडिकल काउंसिल की टीम का निरीक्षण निकट भविष्य में संभावित है जिसकी तैयारी को लेकर कॉलेज प्रबंधन पूरी जिम्मेदारी से जुटा हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कोरबा जिले सहित आसपास के जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा मिल सके इसके लिए जिले के नागरिकों को कोरबा मेडिकल कॉलेज से काफी अपेक्षाएं है। डॉ. महंत ने प्रबंधन से अपेक्षा जताई है कि कोरबा का मेडिकल कॉलेज में जल्द से जल्द स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा प्रारंभ हो।

### जिले के कृषकों को खेती किसानी के लिए उपलब्ध कराया जा रहा रासायनिक खाद

**बालोद।** जिले के कृषकों को खेती किसानी के लिए आसानी से रासायनिक खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से रासायनिक खाद का वितरण किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक एन.एल.पाण्डे ने बताया कि जिले में रबी वर्ष 2021-22 हेतु रासायनिक खाद वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध 10038 मे.टन भण्डारण किया गया। जिसमें से 6434 मे.टन रासायनिक खाद कृषकों को वितरण किया गया है एवं 3604 मे.टन शेष है। सिंगल सुपरफास्फेट, पोटास, डी.ए.पी., इफ्को उर्वरकों को कृषकों की मांग के अनुरूप सहकारी एवं निजी अनुज्ञप्तिधारी दुकानों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।

# कृषि मंत्री ने किया केला तना रेशा उत्पादन एवं दाल प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

बेमेतरा । प्रदेश के कृषि विकास एवं कल्याण, जैवप्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन, जलसंसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे ने सोमवार को बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के गौठान ग्राम राखी में गौठान मेला सह कृषक संगोष्ठी एवं केला तना रेशा उत्पादन इकाई एवं गौठान ग्राम भैंसामुड़ा में दाल प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण किया।



केला तना रेशा उत्पादन इकाई की लागत 10.05 लाख रुपये एवं दाल प्रसंस्करण इकाई की लागत 8.45 लाख रुपये शामिल है। ग्राम राखी मे समूहों के लिए कृषि उत्पाद हेतु वर्किंग शेड निर्माण हेतु लागत 6.37 लाख रुपये एवं भैंसामुड़ा मे समूहों के लिए कृषि उत्पाद हेतु वर्किंग शेड निर्माण हेतु लागत 5.18 लाख रुपये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति इंदिरागांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. एस. एस. सेंगर द्वारा किया गया। कृषिमंत्री श्री चौबे ने कहा कि ग्राम राखी एवं भैसामुड़ा मे एक नये कार्य की शुरुआत हुई है।

गौठान मे छोटे उद्योग के रुप मे काम शुरु कर रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिला मे सी-मार्ट की शुरुआत की जायेगी। जिसमें कुटीर उद्योगों से निर्मित वस्तुओं की बिक्री की जायेगी। जिससे महिला स्वसहायता समूह आत्मनिर्भर बन सके और उनके आमदानी मे इजाफा हो। उन्होने कहा कि राखी मे महिला स्व सहायता समूह के द्वारा केला तना से रेशा उत्पादन एवं भैंसामुड़ा मे दाल प्रसंस्करण इकाई संचालित की जा रही है। बिक्री की कोई समस्या नहीं आयेगी। स्कूलों मे मध्यान्ह भोजन योजना मे दाल की खपत होगी। कृषिमंत्री ने कहा कि गौठानों मे तेल पेरई मशीन भी स्थापित की जायेगी जिससे कुटीर उद्योग को बढ़ावा मिल सके। केला के तना से जो पानी निकल रहा है उसे खाद के रुप मे उपयोग किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप गौठानों को आजीविका का केन्द्र बनाने तथा ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गौठानों में वृहद पैमाने पर आयमूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गोठानों में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत खरीदे जा रहे गोबर से कम्पोस्ट खाद बनाने के साथ ही अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं व्यवसाय को गति देने के लिए अब गोठानों में कृषि एवं लघु वनोपज के प्रसंस्करण की इकाईयां भी तेजी से स्थापित की जा रही हैं। श्री चौबे ने किसानों से वर्मी कम्पोष्ट खाद का उपयोग कर फसलों के उत्पादन बढ़ाने की अपील की। निदेशक विस्तार सेवाएं इंदिरागांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. आर. के. बाजपेयी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कृषि महाविद्यालय ढोलिया बेमेतरा के अधिष्ठाता डॉ केपी वर्मा ने चने के पौधे मे बिमारी से बचाव के संबंध मे किसान भाईयों को जानकारी दी।

# अधिवक्ता संघ की सभी समस्याओं, मांगों का होगा समाधान - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जांजगीर-चांपा जिले के जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और राजस्व आपदा प्रबंधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए। महंत ने इस अवसर पर कहा कि सभी अधिवक्ता गरीबों को सहज, सरल और सुलभ न्याय मिले, इसके लिए सकारात्मक सोच से काम करें।

अग्रवाल ने कहा कि जरूरत मंदों को न्याय दिलाने अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह कार्यक्रम जांजगीर-चांपा जिले के जिला न्यायालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शर्मा तीसरी बार अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए है।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के आसंदी से सम्बोधित करते हुए महंत ने कहा कि अधिवक्ता संघ की समास्याओं, मांगों के निराकरण की सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी। बार एसोशिएशन और अधिवक्त संघ को साधन संपन्न बानाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जयसिंह अग्रवाल ने की। अग्रवाल ने अधिवक्ता संघ के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि आबंटित करने के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक नारायण प्रसाद चंदेल ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश जगदंबा राय ने भी जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई और समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में एडवोकेट विजय कुमार दुबे द्वारा लिखित 'भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम' पुस्तक का विमोचन किया गया।

### अध्यक्ष गौ सेवा आयोग ने जेजरा के गौठान का किया निरीक्षण

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने जिला गरियाबंद के अंतर्गत स्थित ग्राम जेंजरा में गौठान का निरीक्षण किया। यहां कार्यरत महिला स्व सहायता समूह ने बताया कि उनके द्वारा उत्पादित जैविक खाद की बिक्री हो चुकी है। शासन के द्वारा उन्हें उनके खाते में राशि भी प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह के लोगों से सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की।

# कलेक्टर ने सुनी 52 नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 52 नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों के संबंध में कलेक्टर को आवेदन दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सहानुभुति पूर्वक नागरिकों की समयाओं को सुना। एशियाई गेम में प्रतिनिधित्व कर चुकी तलवार बाजी की खिलाड़ी मोनिका साहू ने खेल के क्षेत्र में तैयारी करने के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने संबंधी आवेदन प्रेषित किया है। उन्होंने बताया कि वह तलवार बाजी खेल में छत्तीसगढ़ स्तर पर गोल्ड व सिल्वर पदक जीत चुकी है। अभी वर्तमान में राज्य की ओर से सीनियर नेशनल के लिए चयन हुआ है। जिसका आयोजन 13 मार्च से 16 मार्च तक अमृतसर (पंजाब) में होने जा रहा है। उक्त आयोजन में भाग लेने के लिए स्वयं को खर्च की राशि वहन करना है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते वह उक्त आयोजन में सम्मिलित होने में समर्थ नहीं है। इसके लिए उन्होंने आर्थिक सहायता राशि प्रदाय करने की मांग की है।

इसी प्रकार जनदर्शन कार्यक्रम में शनिचरी बाजार के बाजू में अवैध निर्माण की शिकायत यहां के रहवासियों ने किया है। इसी तरह राम नगर सुपेला भिलाई के आवेदक ने अपनी निजी भूमि पर अवैध कब्जा कर बहुमंजिला इमारत निर्माण किए जाने की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि फर्जी तरीके से भवन अनुज्ञा जारी करा कर अपने नाम पर भवन निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने अपनी भूमि वापस दिलाने की गुहार लगाई है। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की शीघ्र निराकरण हेतु कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। जनदर्शन में आज 52 आवेदन आए, इनमें से नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदन भी आए। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को इनके निदान के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# परिवहन व वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने किया बलौदाबाजार ट्रक मालिक संघ कार्यालय का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

- स्थायी जिला परिवहन अधिकारी तथा परिवहन कार्यालय हेतु भूमि आरक्षण की घोषणा
- छत्तीसगढ़ में वाहन मालिकों को अपनी वाहनों के टैक्स का बल्क में भुगतान की सुविधा
- तुंहर सरकार तुंहर द्वारः लोगों को घर बैठे मिल रहा 22 परिवहन संबंधी सेवाओं का लाभ



**रायपुर।** परिवहन तथा वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज एक दिवसीय अपने प्रवास के दौरान बलौदाबाजार-भाटापारा जिला को महत्वपूर्ण सौगात दी। उन्होंने जिला मुख्यालय में रिसदा बायपास स्थित बलौदाबाजार ट्रक मालिक संघ के नवीन कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में स्थायी जिला परिवहन अधिकारी एवं नवीन परिवहन कार्यालय हेतु भूमि आरक्षण की घोषणा की।

परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विकास में परिवहन का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है। राज्य में परिवहन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने और इसे मजबूत बनाने के लिए हरसंभव पहल की जा रही है। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा वाहन पोर्टल पर वाहन मालिकों के लिए एक नई सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत वाहन मालिक बल्क में अपनी वाहनों के टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। इसी तरह परिवहन विभाग द्वारा वाहन पोर्टल पर वाहन मालिकों के लिए एक और सुविधा दी गई है। इसके तहत वाहन मालिक ओवर डाइमेन्शन गाड़ियों के लिए फीस का भुगतान कर ऑनलाइन अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा तुंहर सरकार तुंहर द्वार नामक महत्वपूर्ण योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को घर बैठे परिवहन संबंधी 22 सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

परिवहन मंत्री श्री अकबर ने इस दौरान राज्य सरकार के महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि आम जनता को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिले। इसलिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना की शुरूआत की गई है।

आज गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर की खरीदी कर लाखों परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम कर रही है। इसके साथ ही हम वर्मी कम्पोस्ट की उपयोगिता से जैविक कृषि की ओर बढ़ रहे है, जो पर्यावरण संतुलन में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी तरह जहां पहले सात वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी होती थी। हम उसे बढ़ाकर 61 कर दिए है। भारत सरकार ने भी इसकी प्रशंसा करते हुए 11 राष्ट्रीय पुरस्कार से छत्तीसगढ़ राज्य को सम्मानित किया है। भारत में लगभग 78 प्रतिशत वनोपज की खरीदी में योगदान अकेला छत्तीसगढ़ का ही है।

इस मौके पर संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय, कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी, हितेंद्र ठाकुर, बलौदाबाजार ट्रक मालिक संघ अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, रायपुर बस्तर कोरापुट परिवहन संघ के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सिद्धू जी,चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष जुगल किशोर भट्टर,सुधीर अग्रवाल, अशोक जैन, गौरव प्रसाद सिंह, राजीव लोचन शुक्ला जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, श्रीमती सुमित्रा धृतलहरे, जनपद पंचायत सदस्य आर्यन शुक्ला, पार्षद रूपेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि तथा नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने गुरु प्रवक्ता स्वर्गीय डॉ. कौशल को दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने आज सतनामी समाज के गुरु प्रवक्ता डॉ. एम.के. कौशल के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने कहा कि डॉ. कौशल एक सरल, सौम्य और मृदुभाषी मिलनसार व्यक्ति होने के साथ-साथ विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।



उन्होंने सतनामी समाज के प्रति अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन किया है। समाज को एकजुट रखने में डॉ. कौशल का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। डॉ. कौशल का असमय हम सबके बीच से चला जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने इस अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास से उनको अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास डॉ. कौशल के परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

डॉ. कौशल के अंत्येष्ठी में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, पूर्व विधायक श्री नवीन मार्कंडेय, प्रदेशभर से आए सतनामी समाज के राजमहंत, जिला महंत, तहसील महंत, भण्डारी, साटीदार, समाज प्रमुख सहित, स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि डॉ. मुकुंद कौशल रायपुर जिले के मंदिर हसौद के जुगेसर ग्राम के रहने वाले थे। डॉ कौशल ने मंत्री गुरू रूद्रकुमार के मार्गदर्शन पर उन्होंने राजराजेश्वरी करुणा माता जी की जयंती की शुरुआत और समाज में एकजुटता और जागरूकता लाने वाले सतनाम संदेश यात्रा में उनका अभिन्न योगदान रहा है। देश के अन्य राज्यों में भी जाकर उन्होंने सतनामी समाज के लोगों को जोड़ने का कार्य किया।






















## खास खबर

### बालगृह दर्री के अधीक्षक को हटाने के निर्देश

**रायपुर।** सोशल रियाईवल ग्रुप ऑफ अरबन रूरल एंड ट्राईबल (स्त्रोत) संस्था सिंचाई कॉलोनी दर्री, जिला कोरबा के बालगृह (बालक) में रहने वाले 13 वर्षीय बालक महावीर घसिया, पिता स्वर्गीय प्रेम लाल घसिया के नहर में डूबने से मृत्यु के मामले में प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बालगृह के अधीक्षक को हटाने का निर्देश दिया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जांच टीम में जिले के अपर कलेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी और नगर पुलिस अधीक्षक दर्री को शामिल किया गया है। जांच टीम सम्पूर्ण घटना की दो दिनों के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

एडीएम कोरबा ने बताया कि जांच में एनजीओ या उसके अधीक्षक की गलती पाई जाती है तो बालगृह के संचालक एनजीओ को पृथक करने का निर्णय लिया जाएगा। भविष्य में अन्य बालगृहों में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए भी कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में सभी एनजीओ की बैठक बुलाई गई है।

उल्लेखनीय है कि मृतक बालक महावीर घसिया शासकीय माध्यमिक शाला दर्री में कक्षा सातवीं का छात्र था। बाल कल्याण समिति के आदेश से वह एनजीओ द्वारा संचालित दर्री के बालगृह (बालक) में रह रहा था। बालक महावीर विगत 19 फरवरी को सुबह लगभग 7 बजे अन्य बालक विक्की चौहान के साथ सायकल में शिव नगर नहर की ओर चला गया था। जहां नहर में डूबने से बालक महावीर की मृत्यु हो गई थी।

### गौठान वाले गांवों में फसल प्रदर्शन एवं कृषि कार्यक्रमों पर जोर

**रायपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज महानदी मंत्रालय भवन में कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों से किसानों से लाभान्वित करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति फरवरी माह के अंत तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, बीज निगम के प्रबंध संचालक भुवनेश यादव, संचालक कृषि यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव केसी पैकरा, अपर संचालक कृषि एससी पदम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी जिलों के उप संचालक कृषि उपस्थित थे। कृषि उत्पादन आयुक्त ने बैठक में राज्य के गौठान वाले गांवों में कृषि विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों प्रभावी ढंग से संचालित कर ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने एवं फसल प्रदर्शन का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान वाले गांवों में कृषि की उन्नत तकनीक का क्रियान्वयन करने से इसका विस्तार आसपास के गांवों में आसानी से किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को गौठानों में कृषि एवं उससे सम्बद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। बैठक में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को दी जा रही इनपुट सब्सिडी का उल्लेख करते हुए उन्होंने अधिकारियों को राज्य में धान के बदले अन्य फसलों की खेती को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। राज्य में माइनर मिलेट मिशन को अभियान के रूप में संचालित करने के साथ ही दलहन-तिलहन की खेती को प्रमोट करने के निर्देश दिए गए।

### छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान का प्रशिक्षण कल

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा भारत माता वाहिनी योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान का प्रशिक्षण अभियान 23 फरवरी को आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण माना कैम्प पीटीएस रोड रायपुर स्थित समाज कल्याण संचालनालय के सभाकक्ष में प्रात: 10.30 से शाम 5 बजे तक होगा। विषय विशेषज्ञों द्वारा योजना के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न विभागों से नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्देशित किया गया है।

# शिक्षित और प्रतिभावान व्यक्तित्व अहंकार रहित होता हैः राज्यपाल

## राज्यपाल मैट्स यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हुई शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके मैट्स यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुई। आरंग स्थित मैट्स यूनिवर्सिटी परिसर में आज स्नातक, स्नातकोत्तर, एम.फिल व पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को उपाधि सहित गोल्ड मेडल प्रदाय किया गया तथा उन्हें अपने अर्जित ज्ञान का राष्ट्रहित में सदुपयोग करने की शपथ दिलाई गई।




राज्यपाल सुश्री उइके ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित और प्रतिभावान व्यक्तित्व अहंकार रहित होता है और अपने अर्जित ज्ञान से समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देता है। शासन-प्रशासन की सार्थक पहल होनी चाहिए कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो और कौशल व व्यक्तित्व विकास को शिक्षा में प्राथमिकता दी जाए। नई शिक्षा नीति-2020 इन्ही उद्देश्यों को पूरा करती है। नई शिक्षा नीति प्रदेश के विश्वविद्यालयों में आगामी सत्र से लागू की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जन के साथ-साथ अपनी विरासत को जानने और कौशल उन्नयन का भी मौका मिलेगा।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि विद्यार्थी व उनके अभिभावकों के लिए दीक्षांत समारोह अविस्मरणीय पल होता है, जो आपके ज्ञान, आत्मविश्वास और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाला अप्रतिम अवसर है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी संकल्प लें कि वे अपने द्वारा अर्जित ज्ञान व कौशल को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सुश्री उइके ने नीति आयोग तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा शोधार्थी के रूप में उपाधि प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत स्वर्णिम समय होता है, जहां उन्हें अपने परिश्रम का सम्मान मिलता है। विद्यार्थी इस समय के लिए प्रतीक्षारत होते हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की मांग कर रहा है। इसके लिए हम सभी को साझी पहल करनी होगी और शिक्षा का दायरा बढ़ाना होगा। हमें कौशल संवर्धन केन्द्रित प्रयासों को गति देनी होगी, जिससे उच्च शिक्षा को नये मुकाम पर पहुंचाया जा सके।दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर उपाधि प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं शुभकामना संदेश प्रेषित किया। छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. शिववरण शुक्ल एवं मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने भी दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस दौरान मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। दीक्षांत समारोह के अंत में मैट्स विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा राज्यपाल सुश्री उइके तथा उच्च शिक्षा मंत्री पटेल को स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित थे। अनेक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक वर्चुअल रूप से भी समारोह से जुड़े थे।

# छत्तीसगढ़ के आकांक्षी और हाईबर्डन जिले में होगा फोर्टिफाइड चावल का वितरण

फोर्टिफाइड चावल का वितरण मार्च 2022 से होगा

राईस फोर्टिफिकेशन की शत-प्रतिशत खर्च राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा वहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों और हाईबर्डन जिलों में कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से निपटने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10 आंकाक्षी जिलों और 02 हाईबर्डन जिलों में मार्च 2022 से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य योजना के राशनकार्डधारी परिवारों को फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जाएगा। राईस फोर्टिफिकेशन की शत-प्रतिशत खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में किया गया है।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राज्य योजना के राशनकार्डों में चावल का वार्षिक आबंटन लगभग 3 लाख 89 हजार 486 टन है। इस चावल के फोर्टिफिकेशन के लिए लगभग 28.43 करोड़ और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों को फोर्टिफाइड चावल के वितरण के लिए राज्य सरकार द्वारा 11.16 करोड़ इस प्रकार की 39.59 करोड़ रूपए की राशि व्यय की जाएगी।

फोर्टिफाइड चावल का वितरण राज्य के 10 आकांक्षी जिले कोरबा, राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, बस्तर, कोण्डागांव, सुकमा तथा 2 हाईबर्डन जिले कबीरधाम और रायगढ़ में किया जाएगा। इन जिलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के राशनकार्डों की तरह ही राज्य योजना के राशनकार्डों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जाएगा।

गौरतलब है कि 'फोर्टिफाइड' चावल आयरन और विटामिन से युक्त होता है। इस चावल में विटामिन ए, विटामिन बी1, विटामिन बी12, फोलिक एसिड, आयरन और जिंक सभी पोषक तत्व का मिश्रण होता है। यह लोगों की खुराक में आवश्यक पौष्टिक तत्वों की पूर्ति के साथ ही कुपोषण के नियंत्रण में काफी हद तक मददगार होती है।

# कुकेरा में मिनी चेक डेम रिपेयर होने पर अब 42 किसान हो रहें लाभांवित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सुराजी गांव योजनांतर्गत नरूवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी कार्य की शुरूआत होने से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की परंपरागत घटकों को सुरक्षित एवं पुनजीर्वित करते हुए गांव को राज्य के अर्थव्यवस्था के केंद्र में लाया गया है। साथ ही पर्यावरण में सुधार करते हुए किसानों तथा ग्रामीणों की व्यक्तिगत आय में वृद्धि भी संभव हो रही है। मिनी चेक डेम के रिपेयर होने से अब आस-पास के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति हो रही है, जिससे उनके फसलों के उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ मिट्टी की नमी बनी रहती है तथा भूजल स्तर में वृद्धि हुई है। लगभग 67 एकड़ भूमि की सिंचाई संभव होने से आस-पास के 42 किसान लाभान्वित हो रहे है। अब किसान द्विफसली खेती करके अपनी आमदनी बढ़ा रहे है।

जनपद पंचायत धरसीवां के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकेरा में वर्ष 2020-21 में नाला सफाई एवं मिनी चेक डेम रिपेयर कार्य स्वीकृत राशि 1 लाख 50 हजार का कार्य किया गया है। जिसकी लंबाई 900 मीटर है जो कि कोल्हान नाला से लगा हुआ है। नरूवा कार्यक्रम अंतर्गत नरूवा संरक्षण के माध्यम से कृषि एवं कृषि से संबंधित कार्य को बढ़ावा मिल रही है। साथ ही जल स्त्रोतो का संरक्षण एवं उनको पुर्नजीवित करना है ताकि सतही जल बहकर अन्यत्र न जाएं व भूगर्भीय जल में वृद्धि हो।

# एनजीटी के निर्देश का गंभीरता से पालन करें: मुख्य सचिव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने ठोस अपशिष्ट एवं सीवेज के प्रबंधन के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों का सजगता और गंभीरता से पालन करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। मुख्य सचिव मंत्रालय महानदी भवन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रस्तुतीकरण करने के संबंध में की गई आवश्यक तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी मौजूद थे। मुख्य सचिव ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रावधानों के अनुसार राज्य के नगरीय निकायों एवं पंचायतों में प्रतिदिन उत्पन्न, संग्रहित और उपचारित होने वाले अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इसी तरह से राज्य के मॉडल टाउन और पंचायतों में शत-प्रतिशत एनजीटी के नियमों के पालन करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने सीवरेज मैनेजमेंट के कार्यों की समीक्षा करते हुए घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्रों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रेणु जी पिल्ले, प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मनोज पिंगुआ, सचिव जल संसाधन अविनाश चम्पावत, सचिव स्वास्थ्य सुश्री शहला निगार, सचिव नगरीय प्रशासन सुश्री अलरमेल मंगई डी. सहित पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी उपस्थित थे।



# कोविड मृत्यु के प्रकरणों पर अब तक 96 करोड़ 48 लाख रूपए का भुगतान

## कोविड मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण पर शासन की ओर से दी जा रही है 50-50 हजार रूपए की राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोविड-19 से हुए मृत व्यक्तियों के परिजनों के 19 हजार 296 प्रकरणों पर 96 करोड़ 48 लाख रूपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। कोविड से हुई मृत्यु के लिए रायपुर जिले में सर्वाधिक 14 करोड़ 72 लाख रूपए की राशि भुगतान की गई है। इसी प्रकार दुर्ग जिले में 14 करोड़ 67 लाख रूपए, बिलासपुर जिले में 7 करोड़ 81 लाख रूपए, रायगढ़ जिले में 6 करोड़ 59 लाख रूपए, राजनांदगांव जिले में 6 करोड़ 64 लाख रूपए की राशि परिजनों को भुगतान की गई है।



आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संक्रमण से मृत हुए व्यक्तियों के परिजनों से 22 हजार 310 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 19 हजार 462 पात्र पाए गए। इन पात्र प्रकरणों में 19 हजार 296 आवेदकों को भुगतान किया जा चुका है। कोविड मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण पर शासन की ओर से निर्धारित राशि 50-50 हजार रूपए भुगतान किया जा रहा है। अन्य प्रकरणों पर आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के बाद भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। जैसे-जैसे परिजनों के आवेदन प्राप्त हो रहे है, उनकी जांच कर उन्हें भुगतान किया जाएगा।

राजस्व आबदा प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन प्रकरणों में भुगतान राशि दी गई हैं उनमें रायपुर जिले से 2944 प्रकरणों पर 14.72 करोड़ रूपए, बलौदाबाजार जिले से 1030 प्रकरणों पर 5.15 करोड़ रूपए, गरियाबंद जिले से 227 प्रकरणों पर 1.13 करोड़ रूपए, धमतरी जिले से 692 प्रकरणों पर 3.46 करोड़ रूपए, महासमुंद जिले से 766 प्रकरणों पर 3.83 करोड़ रूपए, बिलासपुर जिले से 1563 प्रकरणों पर 7.81 करोड़ रूपए, मुंगेली जिले से 386 प्रकरणों पर 1.93 करोड़ रूपए, कोरबा जिले से 907 प्रकरणों पर 4.53 करोड़ रूपए, जांजगीर-चांपा जिले से 1130 प्रकरणों पर 5.65 करोड़ रूपए, रायगढ़ जिले से 1318 प्रकरणों पर 6.59 करोड़ रूपए, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले से 189 प्रकरणों पर 94.5 लाख रूपए प्रकरणों का परीक्षण कर भुगतान की कार्रवाई की गई हैं।

इसी प्रकार बस्तर जिले से 271 प्रकरणों पर 1.35 करोड़ रूपए, कोण्डागांव जिले से 104 प्रकरणों पर 52 लाख रूपए, कांकेर जिले से 345 प्रकरणों पर 1.72 करोड़ रूपए दंतेवाड़ा जिले से 86 प्रकरणों पर 43 लाख रूपए, सुकमा जिले से 31 प्रकरणों पर 15.5 लाख रूपए, नारायणपुर जिले से 21 प्रकरणों पर 10.5 लाख रूपए, बीजापुर जिले से 72 प्रकरणों पर 36 लाख रूपए, सरगुजा जिले से 224 प्रकरणों पर 1.12 करोड़ रूपए, सूरजपुर जिले से 243 प्रकरणों पर 1.21 करोड़ रूपए, बलरामपुर जिले से 136 प्रकरणों पर 68 लाख रूपए, कोरिया जिले से 261 प्रकरणों पर 1.30 करोड़ रूपए, जशपुर जिले से 321 प्रकरणों पर 1.60 करोड़ रूपए, दुर्ग जिले से 2934 प्रकरणों पर 14.67 करोड़ रूपए, राजनांदगांव जिले से 1328 प्रकरणों पर 6.64 करोड़ रूपए, बालोद जिले से 758 प्रकरणों पर 3.79 करोड़ रूपए बेमेतरा जिले से 729 प्रकरणों पर 3.64 करोड़ रूपए, कबीरधाम जिले से 280 प्रकरणों पर 1.40 करोड़ रूपए परीक्षण कर भुगतान की कार्रवाई की गई है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















### दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल अवॉर्ड

# अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा' फिल्म ऑफद ईयर, रणवीर सिंह बेस्ट एक्टर, कृति सेनन बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड



साल 2022 के दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल रविवार को मुंबई में आयोजित हुआ। इसमें दक्षिण भारत के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर हिट 'पुष्पा: द राइज' को फिल्म ऑफ द इयर चुना गया है। वहीं, रणवीर सिंह को भारतीय क्रिकेट टीम के वर्ल्ड कप जीतने पर बनी फिल्म '83' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया है। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म 'मिमी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया है।

दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शेरशाह को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म कारगिल युद्ध में शहीद होने वाले कैप्टन विक्रम बत्रा पर आधारित है। फेस्टिवल में राधिका मदान, रवीना टंडन, मनोज बाजपेयी, अहान शेट्टी, कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा को भी अलग-अलग अवॉर्ड दिए गए।

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा रक्त चंदन की तस्करी की कहानी पर आधारित है।

आशा पारेख को फिल्म इंडस्ट्री में उनकी सर्विसेस के लिए पुरस्कार दिया गया है। इन्होंने कटी पतंग और तीसरी कसम जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया है।

एक्टर रणवीर सिंह को फिल्म 83 के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म में उन्होंने कपिल देव का किरदार निभाया था।

एक्ट्रेस कृति सेनन को उनकी फिल्म मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब दिया गया है। इस फिल्म में उन्होंने सेरोगेट मदर का रोल किया था।

# रश्मिका मंदाना से शादी की अफवाहों पर विजय देवरकोंडा ने किया रिएक्ट बोले-बकवास खबरें हमें पसंद नहीं


साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना इन दिनों कथित तौर पर रिलेशनशिप में होने की खबरों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब यह खबर सामने आ रही है कि दोनों इस साल शादी के बंधन में बंध सकते है। इन अफवाहों पर विजय ने हाल ही में सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर रिएक्ट किया है।

## विजय का पोस्ट

विजय ने अफवाहों को लेकर अपने पोस्ट में लिखा, हमेशा की तरह बकवास खबरें, क्या हमें इन खबरों से प्यार नहीं हो गया।

## शादी को लेकर रश्मिका ने कही थी यह बात

हाल ही में 25 साल की रश्मिका ने एक इंटरव्यू में शादी को लेकर अपने विचार बताए थे। रश्मिका ने कहा था कि उन्होंने वास्तव में अपनी शादी के बारे में अब तक नहीं सोचा है। लेकिन उन्हें लगता है कि पार्टनर ऐसा होना चाहिए, जिसके साथ कंफर्टेबल फील हो।



## दोनों ने 2 फिल्मों में साथ काम किया था

रश्मिका और विजय ने 2 सुपरहिट फिल्मों 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' में साथ काम किया था। इन दोनों फिल्मों में इनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। तभी से दोनों के अफेयर और डेटिंग की खबरें सामने आने लगी थीं। रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मिशन मजनू' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में वे सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट नजर आने वाली हैं।

# शरवरी वाघ ने शुरू किया कथक नृत्य का प्रशिक्षण बोलीं, 'मैं भी माधुरी दीक्षित बनना चाहती हूं'

अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' से ओटीटी पर और यशराज फिल्म्स की फिल्म 'बंटी और बबली 2' से बड़े परदे पर डेब्यू करने वाली अभिनेत्री शरवरी वाघ अगले साल आमिर खान के बेटे जुनैद की फिल्म 'महाराजा' में दिखेंगी। इन दिनों शरवरी अपने हुनर और अपने हौसले को धार दे रही हैं और हाल ही में उन्हें कथक नृत्य का प्रशिक्षण लेते भी देखा गया। फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित को अपनी प्रेरणा मानने वाली शरवरी कहती हैं कि उनके साथ नृत्य करने का मौका मिलना ही अब मेरा सबसे बड़ा सपना है।

शरवरी कहती हैं, मैं हमेशा से माधुरी दीक्षित से प्रभावित रही हूं, वह हमेशा मेरे लिए एक बड़ी प्रेरणास्त्रोत रही हैं। मैं हमेशा से कथक सीखना चाहती थी। इतने वर्षों से दिल में कथक सीखने की चाहत के बाद आखिरकार मैंने कथक सीखना शुरू किया है। जब भी मैं उनके गाने या इंस्टाग्राम पर स्निपेट्स या डांस शो देखती तो मैं कथक सीखने के लिए गूगल पर कथक टीचर्स की तलाश करने लगती। वह मेरी आदर्श रही हैं और आशा करती हूं कि किसी न किसी दिन मुझे उनके साथ नाचने का मौका मिलेगा और यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात होगी।

माधुरी दीक्षित की तरह ही शरवरी वाघ भी महाराष्ट्र की बेटी कहलाना पसंद करती हैं। शरवरी कहती हैं, मुझे लगता है कि एक एक्टर के तौर पर आप इतनी अलग-अलग भूमिकाएं निभाते रहते हैं कि आपको पता ही नहीं चलता कि क्या आपके काम आने वाला है। लेकिन, एक अलग नृत्य शैली को सीखना हमेशा आपके हाथ में होता है। नृत्य सीखने से शरीर में एक आभा और एक लय दोनों आते हैं। मेरे लिए कथक सही मायने में माधुरी दीक्षित के प्रति मेरे प्यार से उपजा है। मैं कथक अच्छे से सीखना चाहती हूं क्योंकि कहीं न कहीं मैंने उन्हें बेहद खूबसूरती से परफॉर्म करते हुए देखा है। यह कुछ ऐसा है जो मैं सिर्फ इसलिए करने की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मैं उनसे बेहद प्रभावित हूं।

# अब छोटे शहरों की कहानियों पर फिल्में बन रहीं हैं, 'लव हॉस्टल' में ऑनर किलिंग का मुद्दा है : बॉबी देओल



इंडस्ट्री में 26 साल पूरे कर चुके बॉबी देओल 'रेस-3' के बाद से लगातार प्रयोग कर रहे हैं। खासकर डिजिटल प्लेटफॉर्म के स्पेस में 'क्लास ऑफ83' और 'आश्रम' के लिए उनकी काफी चर्चा हुई। अब उनकी जी-5 पर 'लव हॉस्टल' नामक फिल्म आ रही है। इसमें वो कॉन्ट्रैक्ट किलर दांगर के रोल में हैं। उन्होंने करियर, किरदार और परिवार पर अपनी अप्रोच और जज्बात जाहिर किए हैं।

## ये दांगर नाम क्या है? ट्रेलर देख सब कह रहें हैं कि डायलॉग का काम गन को दे दिया है? गालियां भी हैं इसमें?

इस किरदार के चेहरे पर दाग है। उस किस्म से इसका नाम दांगर है। आंखों से बात करता हूं। गोलियों से सुनाता हूं। फिल्म का जॉनर कुछ ऐसा है। लोकेशन थोड़ी रस्टिक यानी देसी एरिया में सेट है। वहां जिस हिसाब से लोग बात करते हैं तो गालियां भी हैं।

## बतौर दांगर आप एफर्टलेस लगे हैं। क्या रोचक तैयारियां कीं आपने?

डेफिनेटली। दांगर को जिस तरह दिखाना था, उसके लिए तैयारी करनी पड़ी, वरना ऑडिएंस को उस कैरेक्टर की अपील नहीं आती। पुराने जमाने के एक्टरों की उर्दू और लोकल लैंग्वेज पर पकड़ होती थी। मैं मुंबई का पला बढ़ा हूं तो मुझे दांगर के डायलेक्ट पर काम करना पड़ा। अब अगेन वह दौर आ गया है, जब कहानियां छोटे शहरों के बारे में आ रही हैं, जो अब तक लिखी नहीं गईं। अब ओटीटी ने उनके दरवाजे खोल दिए हैं। बेशक मुझे हरियाणवी सीखनी पड़ी। इसमें ऑनर किलिंग का भी मसला है।

## 'लव हॉस्टल' के अलावा और कौन से प्रोजेक्ट हैं?

मैंने इतनी डार्क फिल्म की है कि अब कुछ स्लाईस ऑफ लाइफ करना चाहता हूं, जहां फील गुड कहानी हो। परिवार देखकर खुश हो। सिंपल कैरेक्टर हो। 'एनिमल' भी कर रहा हूं। पहली बार रणबीर कपूर के साथ काम कर रहा हूं, जो कमाल का एक्टर है। अनिल कपूर साथ है, जिनके संग मैंने 'रेस3' की थी। 'अपने2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उसे जल्दी शुरू करेंगे। 'यमला पगला...' के अगले पार्ट को लेकर भी सवाल उठते रहते हैं, मगर स्क्रिप्ट मिलना जरूरी है। लोग बोलते हैं चलो फ्रेंचाइजी है, स्क्रिप्ट बना लेते हैं। लोग देखने आ ही जाएंगे। पिछला पार्ट उतना बेहतर बना नहीं था।

## कोई ऐसी फिल्म रही जहां पर कुछ ऐसा मेजर इंसिडेंट हुआ हो?

स्कॉटलैंड में लेक डिस्ट्रिक्ट में उसकी शूटिंग हो चुकी थी। भइया(सनी देओल) चाहते थे कि मेरे इंट्रोडक्शन को और ग्रैंड बनाया जाए। वहां दूसरे शॉट के दौरान दायां पैर चोटिल हो गया। अभी भी मेरे पांव में रॉड है। एक साल तक मेरा पैर ठीक नही हुआ था। उसी बीच 'गुप्त' की शूटिंग चल रही थी। मैं डांस नहीं कर पा रहा था। मेरे हाथ के मूवमेंट ज्यादा थे। वो ज्यादा पॉपुलर हो गए लोग कहने लग गए बॉबी ऐसे ही डांस करता है क्या? बाद में मेरा फिर पांव का ऑपरेशन हुआ। फिर मैं ठीक हुआ।

## दिल्लगी में दोनों भाइयों को एक ही इंसान से प्यार हो जाता है. कभी असल जिंदगी में कॉमन चीज के लिए दोनों भाइयों के बीच बहस हुई हो?

कपड़ों से। मुझे भइया के कपड़े पसंद आते हैं। जब छोटा था तो चुपचाप आलमारी से जाकर उनके कपड़े चुरा ले जाता था। उनको पता भी नहीं चलता था। ये तो भाइयों में होता रहता है। मेरे बेटों और भतीजों में भी ये होता रहता है। मेरा बड़ा बेटा आर्यमान मुझसे भी लंबा हो गया है। मैं इतनी वर्जिश कर रहा हूं तो कुछ कपड़े मुझे छोटे होने लगे हैं। तो मैं वो आर्यमान को दे देता हूं। वह चीज मेरा छोटा बेटा भी देखता रहता है। तो मैं ढूंढता हूं कि उसको क्या दे सकता हूं?

## क्या उन्होंने करण जौहर या किन्हीं और की कोई टैलेंट एजेंसी जॉइन की है?

वो अभी पढ़ रहें हैं। किसी की टैलेंट एजेंसी उन्होंने जॉइन नहीं की है। एजुकेशन पूरी करने के बाद डिसाइड करेंगे क्या करना है। एक्टर बनना है, वो उनके ऊपर है। मैं चाहता हूं कि एजुकेशन बहुत जरूरी है बच्चों के लिए, क्योंकि हमारी इंडस्ट्री बहुत अनसरटेन है। पता नहीं रहता कि कौन चलेगा या नहीं? एजुकेशन पूरी कर लें तो किसी और प्रोफेशन के बारे में सोच सकते हैं आप।

# छोटे अंबानी के घर में जलसा: अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल विवाह बंधन में बंधे

अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के बड़े बेटे जय अनमोल 20 फरवरी को शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने अपनी मंगेतर कृशा शाह से शादी की है। दोनों की तमाम तस्वीरें इस समय इंटरनेट पर चल रही हैं। जय अनमोल और कृशा की यह शादी अनिल अंबानी के मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल आवास पर हुई। पाली हिल को बॉलीवुड सितारों की वजह से जाना जाता है। यहां सुनील दत्त से लेकर दिलीप कुमार तक के घर हैं।

## अनिल अंबानी के दो बेटे हैं

अनिल के दो बेटे हैं। जय अनमोल बड़े हैं और जय अंशुल छोटे हैं। जय अनमोल की शादी की जानकारी टीना अंबानी ने 31 दिसंबर 2021 को ही अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दी थी। कृशा के साथ अनमोल की तस्वीरें भी इसमें थीं। इसमें उन्होंने लिखा था कि आपको प्रकाश, प्यार, आशा और खुशी की शुभकामनाएं।

## वीडियो भी वायरल

इस शादी का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें अनमोल ब्राउन कलर की शेरवानी पहने हैं। अपने परिवार के साथ वे नाच रहे हैं। कुछ बारातियों ने इसमें काले रंग की कस्टमाइज्ड टी-शर्ट पहनी थी, जिस पर नो शीप इन माय सर्कल लिखा था।

## अनमोल की गर्लफ्रेंड रही हैं कृशा

अनमोल और कृशा की सगाई दिसंबर 2021 में हुई थी। इसके बाद 18 फरवरी 2022 से मेहंदी सेरेमनी के साथ उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी शुरू हुई। अपनी मेहंदी सेरेमनी में कृशा जहां मल्टीकलर के लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, वहीं ऑफ व्हाइट कुर्ता-पायजामा में अनमोल भी काफी हैंडसम लग रहे थे।



## मुंबई में पैदा हुई हैं कृशा शाह

कृशा शाह मुंबई में पैदा हुई हैं और वे सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई मुंबई से की है और बाद की पढ़ाई अमेरिका और यूके से की हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से सोशल साइंस और कैलिफोर्निया से राजनीतिक अर्थव्यवस्था की पढ़ाई की है। कृशा लव नॉट फियर कैंपेन की वकालत करती हैं। वे इसके जरिए मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाती हैं। कृशा अपने भाई मिशाल शाह के साथ डिस्को नाम की कंपनी चलाती हैं। वे इसकी सीईओ हैं।

## मुकेश अंबानी का भी परिवार शामिल हुआ

शादी में मुकेश अंबानी, नीता अंबानी, उनकी बेटी ईशा अंबानी और टीना अंबानी की ननद दीप्ति सालगांवकर और नीता की ननद नीना कोठारी भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में जया बच्चन, श्वेता बच्चन समेत कुछ बॉलीवुड हस्तियां भी मौजूद रहीं।

## लाल रंग के लहंगे में आई दुल्हनिया

सोशल मीडिया की तस्वीरों में दुल्हन कृशा शाह लाल और सुनहरे रंग के भारी कढ़ाई वाले लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपने लुक को डायमंड और एमराल्ड ज्वेलरी से एक्सेसराइज़ किया है, जिसमें चोकर, लॉन्ग नेकपीस और मांग टीका शामिल है। कृशा ने अपने लुक को ग्लैम मेकअप और रेड लिप्स से पूरा किया है। वहीं, आइवरी कलर की शेरवानी में अनमोल काफी जंच रहे हैं, उन्होंने अपने लुक को साफा और दोशाला से कम्प्लीट किया है। कृशा शाह के पिता निकुंज ग्रुप के चेयरमैन थे। उनका नाम निकुंज शाह था। कृशा के दो भाई-बहन हैं। 18 फरवरी 2022 को अनमोल और कृशा की मेहंदी सेरेमनी आयोजित की गई थी। इसमें बच्चन परिवार भी शामिल था। जया और श्वेता बच्चन के साथ टीना अंबानी ने एक तस्वीर शेयर की थी।

## 20 फरवरी को हुई शादी

20 फरवरी 2022 को यह शादी हुई है। दुल्हन कृशा शाह की बहन नृति शाह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मेहंदी समारोह की एक अनदेखी झलक साझा की थी। इसमें कृशा और अनमोल अपनी मां फाल्गुनी दवे व टीना अंबानी के साथ पोज दे रहे थे। इसके ऊपर नृति ने लिखा था -अधिक प्यार करने वाली सास।

## 19 फरवरी को थी हल्दी सेरेमनी

19 फरवरी 2022 को टीना अंबानी ने अपने बेटे अनमोल अंबानी की हल्दी समारोह की मेजबानी की थी। इस दौरान टीना अंबानी ने अपने लुक से दिल जीत लिया था। दूल्हे की मां ने लाल रंग की एक खूबसूरत साड़ी चुनी थी।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नि:शुल्क दिए जाने वाले कोचिंग के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिले के छात्रों के लिए नि:शुल्क सीजीपीएससी, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 16 जनवरी 2022 को किया गया था। चयन परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया था। परीक्षा उपरांत परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। चयन परीक्षा का परिणाम जिले के वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट कोरबा डॉट जिओव्ही डॉट इन या डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एजुकेशनगुरु डॉट ओआरजी में देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम लाइवलीहुड कॉलेज और आईटीआई रामपुर के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा श्रीमती माया वारियर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए आवेदन 31 दिसंबर 2021 से 12 जनवरी 2022 तक आमंत्रित किया गया था।

### कान्हा क्लब के वालीबाल के मिनी खिलाड़ी का उच्च शिक्षा एवं खेल मंत्री ने किया सम्मान

**गरियाबंद।** स्टेट मिनी व्हालीवाल खिलाडी के दो मिनी खिलाडियों का पुन्नी मेला के अवसर पर मंत्री के द्वारा मिनी खिलाडियों का सम्मान करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।ज्ञात हो कि गरियाबंद कान्हा क्लब के दो मिनी खिलाड़ी करण यदु आउट राजीव मरकाम का व्हालीवाल प्रतियोगिता में नेशनल खिलाड़ी के रूप में चयन किया गया था ,लेकिन वैश्विक महामारी के चलते नेशनल व्हालीवाल नही हो पाया वही उन दोनों नन्हे खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन स्टेट खेल में हुए गरियाबंद जिले का नाम रौशन किये थे।उन दोनों खिलाड़ियों को उच्च शिक्षा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उमेश पटेल के द्वारा पुन्नी मेला के अवसर पर मंच में सम्मान करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के आजादी का अमृत महोत्सव चित्र प्रदर्शनी का तीसरा दिन

# 'देश के लिए हम भी कुछ करें' की भावना शहीदों को सच्चा सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**पथरिया ( पीआईबी )।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय रायपुर द्वारा पथरिया के मंगल भवन में आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव विषयक त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों के सपनों के भारत को साकार करने की संकल्पना ली गई।




इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक सह नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय व जनपद पंचायत अध्यक्ष ज्योति सिंह बतौर अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विभिन्न प्रकार की 16 प्रतियोगिता के 112 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे। इसके साथ ही देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने काव्य छंद से उपस्थित जनमानस को शहीदों के कृतित्व के बारे में बताया। उन्होंने अपने काव्य छंद से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह जैसे अमर सेनानियों की गाथा का बखान किया। उन्होंने कहा कि आजादी से पूर्व नागरिकों को किसी प्रकार का अधिकार प्राप्त नहीं था। आजादी मिलने का ही परिणाम है कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना पा रहे हैं। गुलामी के दौर में लोगों को बोलने तक की आजादी नहीं थी।

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने सभी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सभी को देश भक्ति के भाव से ओत-प्रोत करते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारत की आजादी इतनी आसान नहीं थी। देश के सेनानियों को बहुत जतन करने पड़े। आज हमें उतना जतन करने की आवश्यकता नहीं है। हम प्रतिदिन कुछ ऐसा करें जिससे हमें स्वयं ऐसा लगे कि हमने अपने देश के लिए कुछ किया है। यही देश के शहीदों के प्रति सच्चा सम्मान का भाव होगा।

महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय ने लोगों को देशभक्ति नारों से प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए असंख्य लोगों ने अपना बलिदान दिया। हमें ऐसे असंख्य बलिदानियों को सदैव याद रखना है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के कृतित्व को खास तौर पर रेखांकित कर कहा कि देश की आजादी के लिए आधी आबादी ने भी कंधे से कंधा मिला कर कार्य किया है।

इससे पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय रायपुर के प्रमुख शैलेष फाये ने कार्यक्रम की तहत किए गए विभिन्न प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने स्वागत वक्तव्य दिया व सभी अतिथियों का सत्कार किया। आजादी का अमृत महोत्सव त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर देशभक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति हुई। प्रतिभागियों ने अपने गीत के माध्यम से शहीदों के कार्यों का बखान किया। लोगों में देशभक्ति का उत्साह भरा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लोक कलाकारों ने भी लोगों को देशभक्ति गीतों पर भाव-विभोर कर दिया। तीसरे दिन कुर्सी दौड़ व रस्सा खींच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों का उत्साह देखते बना। रस्सा खींच पुरूष वर्ग में शिशु मंदिर पथरिया की टीम ने बाजी मारी।

# ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की एनटीपीसी कोरबा की पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा( पीआईबी )।** एनटीपीसी लिमिटेड सामाजिक कल्याण के हित में निरंतर प्रयास करता आया है। इसी दिशा में एक और सार्थक पहल करते हुए आज एनटीपीसी कोरबा ने समाज के समग्र विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की।




21 फरवरी 2022 से 26 फरवरी 2022 तक तीन गांवों में दो-दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज के कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती निवेदिता बसु, अध्यक्ष, मैत्री महिला समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मैत्री महिला समिति की अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम श्रीमती अलका अग्रवाल और श्री राकेश झा द्वारा संचालित किया गया था। उद्घाटन कार्यक्रम में वार्ड 47 एवं 48 के पार्षद श्रीमती पुष्पा देवी कंवर एवं श्री विजय कुमार साहू के साथ ही एल्डरमैन श्री आशीष अग्रवाल मौजूद रहे जिन्होने प्रतिभागियों को प्रेरित किया। आज के उद्घाटन कार्यक्रम में जमनीपाली, सुमेधा एवं गोपालपुर गाँव से करीब 20 स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक परिस्थितियों के उत्थान के लिए के लिए अहम माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए तीन अलग-अलग गांवों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे एसएचजी प्रबंधन, क्षमता निर्माण,आंतरिक उधार, एसएचजी ग्रेडिंग,योग्यता मानचित्रण एवं कन्वर्जन जैसे मुद्दों पर बात की जाएगी।

अपने वक्तव्य में श्रीमती निवेदिता बसु, अध्यक्ष, मैत्री महिला समिति ने कहा की स्वयं सहायता समूह समाज की उन्नति के प्रयासों का अभिन्न अंग है एवं नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम है। एनटीपीसी और मैत्री महिला समिति की ये अभिलाषा रही है कि हमारे देश कि महिलाएं आगे बढ़ती रहें। हम आशा करते हैं कि ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी महिलाओं के लिए सार्थक एवं उपयोगी साबित होगा एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों इसका लाभ मिलेगा। विदित हो कि एनटीपीसी कोरबा कौशल विकास के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता आया है।

# न्यायिक कर्मचारियों को मिला सायकल वाहन स्टैण्ड पार्किंग की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। जिला न्यायालय के कर्मचारियों के वाहनों के उचित रख-रखाव के प्रयोजन से न्यायिक कर्मचारियों के लिये पी.डब्ल्यू.डी. कार्य एजेंसी के माध्यम से सायकल स्टैण्ड शेड का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा श्री बी.पी. वर्मा के कर कमलों के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण श्री राजीव कुमार विशेष न्यायाधीश, एस्ट्रोसिटी एक्ट कोरबा सुश्री संघरत्ना भतपहरी, प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्रीनिवास तिवारी, अपर सत्र न्यायाधीश एफटी.सी., श्रीमती वंदना वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रूप नारायण पठारे, अति. मुख्य न्यायिक मजि. कोरबा, हरिश चन्द्र मिश्र, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक बृजेश राय, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक श्रीमती अंजली सिंह, चतुर्थ अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो कोरबा एवं श्रीमती शीतल निकुंज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, वरिष्ठ अधिवक्तागण अशोक कुमार तिवारी, सी0के0 शर्मा, देवव्रत, राकेश पाण्डे, श्रीनिवास नागफेस, देव सिंह, महिला, उपाध्यक्ष, लता टण्डन, चम्पा कमल, कु. अनुराधा, पूजा देवांगन, रीना साहू, देवकुमार, अशोक बेक, राजमण, इन्द्रजीत, अनुप मोहन सिंह एवं समस्त न्यायिक कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### उपचार व दवाईयां हाट-बाजारों में प्रारंभ से अब तक 21.63 लाख लोगों का इलाज

# मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के जरिये राज्य के 1497 हाट-बाजारों में ग्रामीणों को मिल रही नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना राज्य के समस्त जिलों एवं विकासखण्डों में संचालित है। योजना के अंतर्गत हाट- बाजार में आने वाले समस्त मरीजों का ओ.पी.डी. आधारित 08 प्रकार की सेवाएं तथा जांच की जा रही है। जांच उपरांत पाए गए व्याधिग्रस्त लोगों को दवाईयों का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है तथा आवश्यकता होने पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों में संदर्भन कर चिकित्सकीय सेवा प्रदान की जा रही है।



इस योजना के अंतर्गत राज्य में 356 डेडिकेटेड ब्राडिंग वाहन तथा चिकित्सा दल के माध्यम से चिकित्सा सुविधा प्रदाय किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के वनांचलों और ग्रामीण इलाकों के हाट-बाजारों में स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमों द्वारा 21 लाख 62 हजार 751 लोगों को इलाज मुहैया कराया गया है। हाट-बाजारों की क्लिनिक में पहुंचे 19 लाख 60 हजार 270 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां दी गई हैं। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के अंतर्गत जनवरी 2022 तक प्रदेश के 1497 हाट-बाजारों में क्लिनिक लगाकर लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दौरान कुल 64 हजार 401 हाट-बाजार क्लिनिक शिविर आयोजित किए गए हैं। हाट-बाजार क्लिनिक में जरूरतमंदों को नि:शुल्क उपचार, चिकित्सीय परामर्श और दवाईयां उपलब्ध कराने के साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मलेरिया, एचआईव्ही, वी.डी.आर.एल., मधुमेह, एनिमिया, टीबी, कुष्ठ रोग, उच्च रक्तचाप और नेत्र विकारों की जांच भी की जा रही है। इन क्लिनिकों में गर्भवती महिलाओं की जांच व शिशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

वर्ष 2019 से शुरू मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के अंतर्गत अब तक 04 लाख 90 हजार 143 लोगों के उच्च रक्तचाप, 03 लाख 40 हजार 649 लोगों की मधुमेह, 02 लाख 20 हजार 336 लोगों की मलेरिया जांच, 01 लाख 03 हजार 831 लोगों की रक्त-अल्पता (एनिमिया) और 66 हजार 24 लोगों के नेत्र विकारों की जांच की गई है।

# सरगुजा जिले के सिंचाई परियोजनाओं के लिए 18 करोड़ रूपए स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने सरगुजा जिले में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 18 करोड़ 20 लाख 49 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। योजनाओं के पूरा होने से 940 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। सरगुजा जिले के विकासखण्ड अम्बिकापुर की सोहेगा उद्वहन सिंचाई योजना कार्य के लिए दो करोड़ 46 लाख 40 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

योजना के पूरा होने से 150 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड सीतापुर की धरमपुर व्यपवर्तन योजना कार्य के लिए दो करोड़ 70 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 145 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-मैनपाट की सुपवा नाला व्यपवर्तन योजना कार्य के लिए दो करोड़ 64 लाख 29 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 140 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-सीतापुर की बड़झेरकला व्यपवर्तन योजना कार्य के लिए दो करोड़ 65 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 130 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। लिए दो करोड़ 63 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 125 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-अम्बिकापुर के अंतर्गत डुभा के पास चम्पानाला में स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 54 लाख 28 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 125 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड- अम्बिकापुर अंतर्गत बरढ़ोढ़ी चम्पा नाला में स्टापडेम सह पुलिया निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 55 लाख 92 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# विशेष पिछड़ी जनजाति कमार तक फाइलों में ही पहुंच रही है योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** वर्ष 2020 – 21 मे कमार जनजाति वर्ग के किसानों के लिए कार्यालय परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिम जाति विकास परियोजना,जिला गरियाबंद को वित्तीय वर्ष 2019 –20 हेतु कमार विकास अभिकरण केंद्रीय क्षेत्रीय योजना मद अंतर्गत कुल 16 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है ।


इन 16 लाख रुपए के व्यय हेतु कार्यालय आयुक्त,आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति की शर्तें व आदेश भी जारी किए गए हैं। जिनमे गरियाबंद जिले मे कुल 10 कमार कृषक हितग्राहीयों को इस योजना अंतर्गत बोर स्थापना,पंप एवं सहायक उपकरण जिसमे सोलर पंप,प्लेट सहित प्रति इकाई लागत 1 लाख 60 हजार रुपए व्यय किया जाना था। परियोजना ने इस कार्य का जिम्मा उप संचालक कृषि विभाग गरियाबंद को सौंपा किंतु कृषि विभाग ने इन कमार किसानों की मदद और बेहतर करने का विचार बनाते हुए 10 की जगह 20 कमार जनजाति किसानों का बोर खनन कराने की ठानी और हो गया 20 हितग्राहियों का बोर खनन और हो गया बोर खनन का बिल तैयार जिसमे 1 लाख 15 हजार से अधिक के बिल विभाग में लगाए गए हैं। अचंभे कि बात तो यह है कि संबंधित अधिकारी ने बिना भौतिक स्थिति का जायजा किए ही इस बिल को सत्यापन भी कर दिया और पास भी कर दिया गया।

ये सारा खेल विभाग और चंद छुटपुट नेतागिरी करने वाले लोगों के बीच चलता रहता है और शिक्षा से वंचित बेचारा किसान सिर्फइस बात से खुश हो चलता है की उसके खेत में बोर खनन की गाड़ी पहुंच गई और अब बोर खुदाई शुरू हो गया।




































## खास-खबर

### वारदातों को सुलझाने वाली पुलिस की टीम सम्मानित

**भिलाई।** हत्या, लूट और चोरी के चर्चित मामलों को सुलझाने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। दुर्ग एसएसपी बद्रीनारायण मीणा, शहर एएसपी संजय ध्रुव और ग्रामीण एएसपी अनंत साहू ने बेहतर काम कर मामले का सुलझाने वाले थाने के प्रभारी के साथ ही पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही ग्रीन कारिडोर बनाकर मरीजों को रायपुर पहुंचाने वाले ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह व ट्रैफिक पुलिस की टीम को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया।

सिविक सेंटर स्थित सीए बिल्डिंग के सभागार कक्ष में आयोजित समारोह में सभी सम्मानित किया गया। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक पुलिस ने कई चुनौतीपूर्ण मामलों को सुलझाने में सफलता हासिल की है। इसमें कई अंधे कत्ल के मामले भी शामिल थे। जिसे पुलिस ने बहुत ही अच्छे तरीके से सुलझाया है। इसके अलावा साइबर सेल की टीम ने गुमे हुए मोबाइल को खोजे, पिंक गस्त के माध्यम से रक्षा टीम ने महिलाओं को जागरूक किया, सीसीटीएनएस के अधिकारियों व कर्मचारियों और पुलिस की टीम ने वीआइपी मूवमेंट में बखूबी काम किया। समारोह में 400 से अधिक पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# न्यू मामा कैफे, मैगी कैफे सहित श्याम चावला कंपनी के 16 एकड़ की अवैध प्लॉटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## अवैध प्लाटिंग, अवैध निर्माण और अतिक्रमण करने वाले बख्शे नहीं जाएगें: कलेक्टर सौरभ कुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर नवा रायपुर से लगे गांवो में अवैध प्लॉटिंग, बिना अनुज्ञा के निर्माण पर अतिक्रमण पर कल शुरू हुई कार्रवाई आज भी जारी रही। जिला प्रशासन के राजस्व अधिकारियों और नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के संयुक्त दस्तें में नवा रायपुर के लेयर दो में वी.आई.पी रोड से लगे टेमरी और बनरसी गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। आज वी.आई.पी रोड से लगे न्यू मामा कैफे और मिस्टर मैगी दा कैफे पर प्रशासन का बुलडोजर चला। न्यू मामा कैफे के लिए लगभग 30 डिसमिल भूमि पर मालिक मनीष सिंह ने बिना अनुज्ञा के भवन निर्माण कराया था और अवैध रूप से व्यावसायिक रेस्टोरेंट चला रहे थे। प्रशासन ने आज इस अवैध निर्माण को तोड़ दिया। इसी तरह गायत्री शर्मा और आशीष शर्मा के मिस्टर मैगी द कैफे पर भी प्रशासन ने अतिक्रमण




हटाने की कार्रवाई की। मिस्टर मैगी द कैफे में लगभग 20 डिसमिल भूमि पर बिना अनुज्ञा किए गए निर्माण और अवैध रूप से व्यावसायिक रेस्टोरेंट चलाने के कारण कार्रवाई की गई।

इसके साथ ही आज टेमरी में श्याम चावला एंड कंपनी द्वारा लगभग 16 एकड़ में की गई अवैध प्लॉटिंग पर भी आज जिला प्रशासन और एन.आर.डी.ए के दल ने कार्रवाई की। इस अवैध प्लाटिंग में नियमों की अनदेखी कर बनाए गए भवनों, मकानों और गोदाम को तोड़दस्ते ने धरासाई कर दिया। कलेक्टर सौरभ कुमार ने बताया कि कार्रवाई से पहले ही संबंधित लोगों को नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे, नोटिस की समय-सीमा खत्म होने तक संबंधित लोगों द्वारा अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने कहा कि अवैध प्लाटिंग, बिना परमिशन के अवैध रूप से बनाए गए भवनों और अतिक्रमण के विरूद्ध प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी स्थिती में अवैध प्लॉटिंग करने, अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इनके विरूद्ध निर्माण कार्यो को ताड़ने के साथ-साथ दूसरी विधी सम्मत कार्रवाई भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि कल रविवार को भी एनआरडीए और राजस्व विभाग के तोडू दस्ते ने नवा रायपुर के लेयर दो के तीन गॉवों में अवैध प्लाटिंग, बिना अनुज्ञा भवन निर्माण और सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की थी। एनआरडीए और राजस्व विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों की टीम ने व्ही आई पी रोड से लगे गावों नकटी, बनारसी और टेमरी में नौ अवैध निर्माणों को तोड़ा था। टीम ने अवैध रूप से निर्मित तीन भवन, एक अवैध प्लाटिंग और अवैध रूप से बनाई गई छह बाउंड्री बॉल को हटाया था।

### टिकरापारा में शादी समारोह में गए पुलिस आरक्षक पर प्राणघातक हमला

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में अपराध करने वालों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि अब वे पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं। ऐसे में आम जनता खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करे। बहरहाल मामला रायपुर के दुर्गापारा इलाके का है, जहां एक पुलिस आरक्षक परअज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। आरक्षक हेमंत जगने पर बोतल और धारदार हथियार से प्राणघातक वार किया गया।

पुलिस आरक्षक हेमंत पुलिस लाइन में पदस्थ हैं। जानकारी के अनुसार आरक्षक हेमंत टिकरापारा इलाके में शादी कार्यक्रम में गए हुए थे, इसी दौरान दुर्गा पारा के पास चार से पांच बदमाशों ने किसी बात को लेकर आरक्षक पर हमला कर दिया। अपने पास रखें बोतल भी उसके ऊपर फेड़ दी। पुलिस ने आरोपितों की पहचान कर ली है। टीम उनकी खोजबीन में लगी हुई है। शहर में आए दिन घटनाएं घट रही है। बीती रात हमलावरों ने पुलिस आरक्षक को अपना शिकार बनाया है। आरोपितों ने आरक्षक के ऊपर हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया है। निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। टिकरापारा पुलिस ने दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरक्षक हेमंत जगने टिकरापारा इलाके में शादी कार्यक्रम में गए थे। मोटरसाइकिल पार्क करने को लेकर अज्ञात बदमाशों से बहस हो गई। इसी बात को लेकर बदमाशों ने किसी बात को लेकर अपने पास रखें बोतल से आरक्षक के सिर पर हमला कर दिया।

## स्कूल जाने की उम्र में कट्टा लेकर घूमता युवक पकड़ाया

**रायपुर ( ए )।** पुलिस ने दो लोगों को अवैध हथियार के साथ पकड़ा है। इनमें से एक तो स्कूल जाने की उम्र में कट्टा लिए घूमता मिला। इस नाबालिग की तलाशी ली गई तो पैंट की जेब में से 3 गोलियां भी मिलीं। दोनों के पास से मिले कट्टे एक जैसे दिखते हैं। पुलिस को शक है कि दोनों ने साथ में ही इसे खरीदा होगा। हालांकि ये हथियार कहां से आए और कौन इसे नाबालिगों को भी बेच रहा है, इसकी जांच शुरू कर दी गई है।

विधानसभा थाने की टीम को मुखबीर से कट्टा लेकर घूमने वालों का इनपुट मिला। पुलिस ने भावना नगर के हीरा होटल पेट्रोल पम्प के पास एक नाबालिग को रोका, इसके पास से कट्टा और तीन गोलियां मिली। यहां से टीम आगे बढ़ी तो चण्डी नगर में आरोपी कामरान अली (25) को पकड़ा। इसने भी कमर में वैसा ही कट्टा फंसा रखा था। इसके पास से भी तीन गोलियां भी मिलीं। पुलिस ने दोनों कट्टे और तीन-तीन गोलियां बरामद की हैं।



### कम उम्र के युवकों के पास से हथियार बरामद

पिछले दो महीनों में 20 से अधिक कम उम्र के युवकों के पास से हथियार मिले हैं। इनमें 16 साल के नाबालिग से लेकर 25 साल के युवक शामिल हैं। कुछ के पास से कट्टा मिला है ज्यादातर चाकू के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। पिछले सप्ताह से पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान भी छेड़ रखा है। अधिकांश मामलों में कट्टे यूपी और बंगाल से छत्तीसगढ़ की राजधानी में पहुंच रहे हैं। आपराधिक किस्म के लड़के इसे दिखाकर अपने इलाकों में धौंस जमा रहे हैं।

## 14 लाख का ब्राउन शूगर, चरस गांजा सहित 4 गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** रायपुर की पुलिस ने ब्राउन शुगर, नशीली टैबलेट, चरस और गांजा बरामद किया है। टीम ने 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है और इनसे 14 लाख का नशे का सामान और एक कार मिली है। आईजी आनंद छाबड़ा ने बताया कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ के स्मगलर्स के बीच बड़ी डील होने वाली थी। ओडिशा से ये सारा सामान छत्तीसगढ़ में लाया गया। इस डील को नारकोटिक्स सेल ने रोक दिया। गिरफ्तार हुए 4 लोगों में से 2 छत्तीसगढ़ और 2 तस्कर ओडिशा के हैं।

आईजी ने बताया नारकोटिक्स टीम ने दो हिस्सों में बंटकर इस एक्शन को अंजाम दिया। पहली टीम को खबर मिली थी कि राजातालाब स्थित लोटस हॉस्पिटल के आसपास कुछ व्यक्ति नशीली टेबलेट एवं मादक पदार्थ बिक्री करने की फिराक में आने वाले है। यहां पुलिस छुपकर इंतजार करने



लगी। एक बाइक पर तीन युवक आए, टीम ने इन्हें पकड़ लिया।

आरोपी के नाम तौकीर अहमद उर्फ बबलू, शेख महबूब और रवि नारायण दीप हैं। शेख महबूब एवं रवि नारायण दीप ओडिशा के रहने वाले हैं। इनके पास से 15 किलो 500 ग्राम गांजा, 240 ग्राम चरस, 2400 नाइट्रोसन-10 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, और बाइक जब्त की गई।

वहीं पुलिस की दूसरी टीम को इनपुट मिला था कि ओडिशा से एक कार में ब्राउन शूगर लाई जाने वाली है। महासमुंद रोड पर पुलिस ने पहरा बिठा दिया। पुलिस के पास कार का नंबर था। जब तस्कर इस रास्ते पर पहुंचा तो कार को तेज रफ्तार में भगाने लगा, टीम ने पीछा करते हुए इसे दबोचा। कार से बसना के रहने वाले महेन्द्र पटेल को पकड़ा गया। इसकी कार से ब्राउन शुगर नाइट्रोसन-10 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली। पुलिस ने ये सामान और कार जब्त कर ली।

### शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे दो भाइयों से की मारपीट

**भिलाई।** शनिवार की रात को शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे दो सगे भाइयों से कुछ आरोपितों ने मारपीट की। घटना में एक युवक को गंभीर चोट लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे की हालत खतरे से बाहर है। नेवई पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

निविदा क्र. 297 से 311/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां. खण्ड/2022 बालोद, दिनांक : 18.02.2022

**ई-प्राक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है.

कार्य का विवरण- बालोद जिले के वि.खं. गुण्डरदेही एवं गुरूर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना का कार्य.

| | नि.सू. क्र./सिस्टम नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 297/93248 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम बिरेतरा | रू. 101.15 लाख |
| 2 | 298/93251 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम ढाबाडीह | रू. 58.61 लाख |
| 3 | 299/93253 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम जुनवानी | रू. 69.23 लाख |
| 4 | 300/93254 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम मटिया (ह) | रू. 86.53 लाख |
| 5 | 301/93255 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम सिर्रा भाठा | रू. 92.03 लाख |
| 6 | 302/93256 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम रेहची | रू. 71.64 लाख |
| 7 | 303/93257 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम झींका | रू. 68.29 लाख |
| 8 | 304/93258 | विकासखण्ड गुण्डरदेही ग्राम चिचलगोंदी | रू. 108.79 लाख |
| 9 | 305/93259 | विकासखण्ड गुण्डरदेही/ ग्राम फूलझर | रू. 80.24 लाख |
| 10 | 306/93260 | विकासखण्ड गुण्डरदेही/ ग्राम सियनमर्रा | रू. 104.72 लाख |
| 11 | 307/93261 | विकासखण्ड गुरूर/ ग्राम खैरडिगी | रू. 85.74 लाख |
| 12 | 308/93262 | विकासखण्ड गुरूर/ ग्राम टेकवाडीह | रू. 100.34 लाख |
| 13 | 309/93263 | विकासखण्ड गुरूर/ ग्राम चिरचारी | रू. 127.42 लाख |
| 14 | 310/93265 | विकासखण्ड गुरूर/ ग्राम घोघोपुरी | रू. 115.52 लाख |
| 15 | 311/93267 | विकासखण्ड गुरूर/ ग्राम खैरवाही | रू. 82.14 लाख |

1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि - 25.02.2022
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 08.03.2022

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 24.02.2022 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते हैं.

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जिला- बालोद (छ.ग.)

जी-68035/7









































## खास - खबर

### शहर के विकास व आय का स्त्रोत बढ़ाने जोन- 01 में वार्ड वार पार्षदों ने दिए सुझाव

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर में आज महापौर धीरज बाकलीवाल के अध्यक्षता और आयुक्त हरेश मंडावी की मौजूदगी में जोन-एक में चल रहे कार्यो पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों से सभी कार्यो की अद्यतन जानकारी मांगी।जिसमे सफाई व्यवस्था, विकास कार्यो से संबंधित जल विभाग,विद्युत विभाग समेत अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ जोन-1 में स्वीकृति प्राप्त प्रगतिरत कार्य,अप्रारंभ कार्यो की समीक्षा बैठक ली जा रही है।उन्होंने कहा अधिकारी वर्क ऑडर होते ही भीड़कर कार्यो को कराये, पार्षदों को कहा गया कि बजट सत्र में पहले वाला वार्ड वार अपनी समस्या से अवगत कराएं जिससे आने वाले बजट सत्र पर प्रस्ताव रखा जा सके।सहायक अभियंता एवं उपअभियंता से हर कार्य को लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त हरेश मंडावी ने सीधे सवाल करते हुए निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी मांगी।

### दुकान के बाहर समान सजाकर रखने वालों पर निगम का चालानी कार्रवाई, नौ लोगों से 3800 रुपए का चलानी कार्रवाई

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम.आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर यातायात व्यवस्थाओं को लेकर इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र स्टेशन रोड शिवम मॉल तक में दुकान के बाहर समान सजाकर या दुकान के ऊपर समान लटकाकर रखने वालों के खिलाफ आज भी चली अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही शहर को साफ रखने की मुहिम के चलते दुर्ग नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चालान करके जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है.दुकानदार दुकान के बाहर समान निकलकर रखने वालों पर निगम टीम नजर,निगम प्रशासन इसके खिलाफ़ निरन्तर कमर कसता नज़र आ रहा है इस क्रम में आज इंद्रिरा मार्केट में दुकान के बाहर समान फैलाकर रखने वालों पर अतिक्रमण प्रभारी दुर्गेश गुप्ता, उड़नदस्ता प्रभारी शिव शर्मा,प्रभारी बाजार अधिकारी थानसिंह यादव,सहायक बाजार प्रभारी ईश्वर वर्मा ने इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र में घूम घूमकर साई नाथ दोसा-1000 रुपए, साई मधुर-1000 रुपए, चंदा इलेक्ट्रानिक-100,गोपाल इलेक्ट्रानिक-500 रुपए ,सागर सेलून-200 रुपए, गणेश डेयरी-100 रुपए,विन फैशन-200 रुपए, अब्दुल खान एव शैफ अली-500 रुपए, शहनाज मुर्गा दुकान-200 रुपए कुल 9 लोगो से 3800 रुपए का जुर्माना वसूला गया,और दुकानदारो को भविष्य में दुकान के बाहर समान न रखने की चेतावनी दी गई।कार्रवाही के मौके पर अतिक्रमण टीम एवं बाजार विभाग के भुवानदास साहू,शशिकांत यादव के अलावा टीम मौजूद थे।

### मर्चेंट मिल में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

**भिलाई।** बीएसपी राजभाषा विभाग के सहयोग से दिनांक 19 फरवरी 2022 को मर्चेंट मिल सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र मुख्य महाप्रबंधक अजय बेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मर्चेंट मिल के महाप्रबंधक प्रभारी (प्रचालन), सुशील कुमार हरिरमानी सहित महाप्रबंधक द्वय नागेन्द्र कुमार तथा सुमीत कुमार नायक, सहायक महाप्रबंधक वीरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक द्वय संजय दीक्षित तथा शीतल प्रसाद एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस कार्यशाला में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (मर्चेंट मिल एवं वायर रॉड मिल) अजय बेदी, ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है। हिंदी एक सरल भाषा है, हम अपना सारा संवाद हिंदी में ही करते हैं, इससे हम एक दूसरे की बात को आसानी से समझा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक प्रभारी (प्रचालन), सुशील कुमार हरिरमानी ने कहा कि, हिंदी हमारी मातृभाषा है। हमारा दायित्व है कि, हम सभी ज्यादा से ज्यादा कार्य एवं पत्र व्यवहार हिंदी में कर लोगों को प्रोत्साहित करें।

### सस्ती दवा की राह आसान

# शहर को मिला पांचवा जेनेरिक मेडिकल स्टोर, महापौर नीरज ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**-शास्त्री अस्पताल सुपेला में शुरू हुआ ब्लड स्टोरेज यूनिट**

**-शहर के लिए सुखद खबर, सस्ती दवा के लिए मेडिकल स्टोर और रक्त की आवश्यकता के लिए ब्लड स्टोर यूनिट का महापौर के हाथों का शुभारंभ**

भिलाई । भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने शहर को एक और सौगात दी है, लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल सुपेला में उन्होंने श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया। इसी के साथ ही भिलाई शहर में अब पांच जेनेरिक मेडिकल स्टोर हो गये है। महापौर ने शुभारंभ करते ही मेडिकल स्टोर्स से सर्जिकल मास्क खरीदे और पैसे देकर पहले ग्राहक बन गये।

शुभारंभ के अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू, एसडीएम मुकेश रावटे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट योगेंद्र वर्मा, अधीक्षण




अभियंता बी.के. देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महापौर ने मेडिकल स्टोर्स का फीता काटकर शुभारंभ करने के पश्चात स्टोर्स का निरीक्षण किया और स्टोर्स के संचालको से दवाईयों के स्टॉक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में बड़ी संख्या में नागरिक इलाज के लिए यहां आते है, सभी लोगों को मेडिकल से सस्ती दवा का लाभ मिलेगा। निगम क्षेत्र में आज शास्त्री अस्पताल सुपेला परिसर के प्रवेश द्वार के पास जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ होने के बाद अब भिलाई निगम क्षेत्र में धनवंतरी योजना के तहत कुल पांच मेडिकल स्टोर हो गये है।

अस्पताल में जेनेरिक स्टोर्स खुलने अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीज एवं परिजनों को दवाइयों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा तथा 55 प्रतिशत छुट के साथ दवाईयां उपलब्ध हो पाएगी। इससे पूर्व शहर में सुभाष मार्केट मेडिकल लाईन, भगवा चौक कुरूद एवं महिला मदर्स मार्केट पावर हाउस तथा 18 नं. रोड में आंगनबाड़ी के पास में जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ हो चुका है। अच्छी गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों की मांग को देखते हुए तथा शहर में स्वास्थ्यगत योजनाओ को बढ़ावा देने के लिए एक और मेडिकल स्टोर का शुभारंभ महापौर ने किया है। पहले लोगो को अधिक दाम पर दवाईयां मिलती थी, परन्तु अब 55 प्रतिशत की छूट के साथ उच्च गुणवत्ता की दवाईयां मिल रही है जिसमें जेनेरिक ब्रांडेड दवाइयां भी शामिल है। शुभारंभ के अवसर पर मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, नेहा साहू, केशव चौबे, मालती ठाकुर, चंद्रशेखर गवई, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, संतोषनाथ सिंह जालंधर, पार्षद भोजराज सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### ब्लड स्टोरेज यूनिट का भी किया शुभारंभ

जेनेरिक मेडिकल के शुभारंभ के बाद लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में ब्लड स्टोरेज यूनिट का भी शुभारंभ आज महापौर नीरज पाल के द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर, डॉ. सुगम सावंत व अस्पताल के चिकित्सकीय स्टॉफ उपस्थित रहे। सुपेला अस्पताल के प्रभारी डॉ. पियम सिंह ने बताया कि ब्लड स्टोरेज यूनिट का शुभारंभ के बाद अब अस्पताल में भर्ती मरीजो के लिए ब्लड की उपलब्धता हो सकेगी। अस्पताल के स्वयं का स्टोरेज हो जाने से ब्लड डोनेट शिविर से आने वाले ब्लड को स्टोरेज भी किया जा सकेगा।

## कुर्की वसूली का पहला दिन, एक मंजिला दुकान हुआ सील, कार्रवाई रहेगी जारी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बकायेदारों पर शिकंजा कसना भिलाई निगम ने प्रारंभ कर दिया है और निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर गठित टीम ने कुर्की पर कार्यवाही करना चालू कर दिया है। बकायेदारों को कई दफा टैक्स जमा करने का समय दिया जा चुका है वही नोटिस भी जारी किया जा चुका है बावजूद इसके संपत्तिकर एवं अन्य टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदारों पर अब निगम कड़ी कार्यवाही कर रही है।

निगम के कर्मचारी दल, बल और गठित टीम के साथ पुलिस बल की उपस्थिति में कार्रवाई को अंजाम दे रहे है। आज कुर्की पर करवाई का पहला दिन था, पहले दिन ही 8000 स्क्वायर फीट में निर्मित एक प्रथम मंजिला इमारत को आज निगम ने सील कर दिया। कुर्की की टीम जब सुमित बाजार के पीछे मैसर्स महावीर डेवलपर्स शिवनाथ कांप्लेक्स पहुंची तब करदाता ने बकाया राशि भुगतान नहीं किया, जिस पर कुर्की दल ने दुकान को सील बंद कर दिया। वर्ष 2016-17 से 2019-20 का 10 लाख 58 हजार 268 रुपए टैक्स महावीर डेवलपर्स का बकाया है, जिन्हें कई दफा नोटिस देने के बाद भी इन्होंने बकाया राशि जमा नहीं की।

कुर्की दल के पहुंचने के बाद भी राशि जमा नहीं करना महावीर डेवलपर्स के संचालक के लिए भारी पड़ गया। कुर्की दल के पहुंचने पर कुछ लोगों ने कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए राशि जमा कर मोहलत की मांग भी की है और निर्धारित समय अवधि में राशि जमा करने का विश्वास दिलाया है। आज गठित टीम दक्षिण गंगोत्री सुपेला के दुकान क्रमांक 19/2 कमलजीत सिंह के दुकान पहुंची और 97481 रुपए इनसे वसूल किया, इसी प्रकार से स्मृति नगर के एक होटल संचालक विजय प्रकाश राय ने 151000 रुपए का चेक दिया है और शेष राशि 31 मार्च से पूर्व जमा करने मोहलत मांगी है। गणेश मार्केट सुपेला के दुकान संचालक द्वारा 144737 रुपए का चेक देकर टैक्स भुगतान किया है, श्रीमती रेखा बाई दुकान क्रमांक 2/5 गणेश मार्केट सुपेला द्वारा 19550 रुपए जमा किया गया। 413168 रुपए की वसूली कुर्की दल के द्वारा की गई।

## प्रदेश महामंत्री ने एमआईसी का कराया पदभार ग्रहण



श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली कार्यालय में महापौर के सदस्यों को कक्ष आबंटन के साथ ही पदभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। एमआईसी कक्ष का महापौर शशि सिन्हा ने फीता काटकर उदघाटन किया। इसके बाद पीसीसी महामंत्री की उपस्थिति में महापौर सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया गया।

इसके पूर्व सदस्यों ने पूजा अर्चना की। सादगी तौर पर हुए इस कार्यक्रम में सभापति केशव कुमार बंछोर, महापौर परिषद के सदस्य जलकार्य, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी, राजस्व/बाजार तथा वाहन विभाग प्रभारी विलास राव बोरकर, आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग अनुप डे, शिक्षा खेलकूद तथा युवा कल्याण विभाग प्रभारी सनीर साहू, पुनर्वास तथा नगर नियोजन उद्यानिकी प्रभारी परमेश्वर कुमार, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग सोनिया देवांगन, महिला एवं बाल विकास विभाग ईश्वरी साहू उपस्थित थी।

## खेल प्रतिभाओं को तराशने का होगा काम, समस्याओं का निराकरण करने खिलाड़ियों के साथ चर्चा करेगें गृहमंत्री साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। रिसाली नगर पालिक निगम और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को न केवल तराशा जाएगा बल्कि उन्हे प्लेटफार्म भी दिया जाएगा। प्रदेश के गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ कई तरह की समस्याएं रहती है। इसके लिए वे खुद एक दिन पूरे क्षेत्र के खिलाड़ियों के साथ चर्चा करेंगे।

दुर्ग ग्रामीण के विधायक व गृहमंत्री रविवार को डुंडेरा में आयोजित परंपरागत खेल प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि उनकी इच्छा है कि खेल में संपूर्ण दुर्ग ग्रामीण विधानसभा



का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो। कई बार समस्याओं की वजह से वे आगे खेल नहीं पाते। गृहमंत्री ने जोहार क्लब डुंडेरा के संस्थापक तरूण बंजारे से कहा कि खिलाड़ियों के लिए वे एक सम्मेलन करे। उस सम्मेलन में वे खुद उपस्थित रहेंगे। खिलाड़ियों की आवश्यकता और समस्याओं को सूचीबद्ध करने के बाद शासन स्तर पर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिक निगम की महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव कुमार बंछोर, एमआईसी सदस्य सनीर साहू, विलास राव बोरकर, सोनिया देवांगन, पार्षद रोहित धनकर, जमुना ठाकुर आदि उपस्थित थे।

#### मंत्री ने किया उदघाटन

डुंडेरा प्रवास के दौरान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने नगर पालिक निगम द्वारा तैयार वर्टिकल गार्डन व सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। दोनो ही कार्य में 5-5 लाख रूपए खर्च किया गया। उल्लेखनीय है कि डुंडेरा में बंद पड़े फौव्वारा का भी मरम्मत कराया गया और उसे चालू कराया गया।

#### ग्रामीणों ने रखी मांग

इस दौरान ग्रामीण ने गृहमंत्री को मांग पत्र भी सौपा। जोहार क्लब डुंडेरा के सदस्यों ने मांग की कि खेल मैदान के चारों ओर फैसिंग किया जाए ताकि मैदान केवल खेल के लिए आरक्षित हो। ग्रामिणों का कहना है कि इसके लिए 20 लाख रूपए खर्च होंगे।

### आयुक्त प्रकाश सर्वे ने टंकी से पानी चालू करने से लेकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचने तक की प्रक्रिया का लिया जायजा

## अंतिम छोर तक पहुंचा पानी, 3 दिनों में निगम की एक्सरसाइज आई काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महापौर नीरज पाल ने बैठक लेकर सभी को टीम बनाकर कार्य करने के दिये थे निर्देश**

**भिलाई।** निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे आज राधिकानगर एवं फरीद नगर की बस्तियों में पहुंचे, उन्होंने उच्च स्तरीय पानी टंकी के चालू करने से लेकर इसी टंकी से मोहल्ले के अंतिम छोर तक पानी मिल रहा है या नहीं इसका जायजा लिया।

ठीक प्रातः 6:30 बजे आयुक्त स्लॉटर हाउस पानी टंकी में पहुंचे, क्योंकि तकरीबन इसी समय पानी टंकी से देना प्रारंभ किया जाता है। परिसर का निरीक्षण करने और बेसमेंट के लिए आवश्यक निर्देश देने तथा प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद उन्होंने पानी टंकी से जल देना



प्रारंभ कराया और अधिकारियों के साथ सीधे इस टंकी से पानी मिलने वाले अंतिम छोर के घरों में पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद आयुक्त ने लगभग 50 घरों के रहवासियों से पानी आने को लेकर फीडबैक लिया।

मोहल्ले वासियो ने बताया कि कुछ दिन पहले पानी नहीं आ रहा था परन्तु 2 से 3 दिनो के भीतर पानी मिलने लगा है, वहीं घरेलू कार्य अब आसानी से हो रहा है। कुछ घरो में मोटर पंप लगे हुये मिले इनका मोटर पंप बंद करवाकर इनकी जब्ती की चेतावनी देकर मोटर पंप उपयोग नहीं करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता आलोक पसीने, उप अभियंता श्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, चंदन शर्मा इत्यादि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने हाल ही मे जल विभाग के आला अधिकारियो की बैठक ली थी और उन्होंने उन सभी कर्मचारियों को इसमें शामिल किया था जो वाटर सप्लाई से जुड़े हुये है, इसमें पीडीएमसी एवं इंडियन हयुमन पाईप की एजेन्सी भी शामिल थे। इसके अलावा बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जल कार्य विभाग के प्रभारी केशव चौबे एवं समस्त जोन आयुक्त उपस्थित थे। अमृत मिशन योजना से बिछाई गई पाईप लाईन से घरो में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के कार्य को प्राथमिकता से करने महापौर ने कहा था। पानी क्यों अंतिम छोर में पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है इसका सर्वे कराकर इसका समाधान करने के निर्देश भी उन्होंने दिये थे, और 15 दिवस के भीतर सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने टीम गठन करने भी कहा था। इसके लिये सभी जोन के कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुये 18 कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। इस टीम ने अपना सर्वे चालू कर दिया है।

## सभापति की अनुपस्थिति में सम्मिलनों की अध्यक्षता करने दो पार्षदों को सभापति गिरवर बंटी साहू ने किया नामांकित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सभापति/अध्यक्ष की अनुपस्थिति में सम्मिलनों की अध्यक्षता वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद इंजीनियर सलमान और वार्ड क्रमांक 50 की पार्षद श्रीमती डी सुजाता करेंगी। सभापति गिरवर बंटी साहू ने इन दो पार्षदों को सभापति/अध्यक्ष के अनुपस्थिति में सम्मिलन की अध्यक्षता करने नामांकित किया है। इसका आदेश निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-18 की उपधारा (2) में उल्लेखित प्रावधान के अंतर्गत अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्मिलनों की अध्यक्षता के लिए पार्षदों का चयन किया गया है और इनके नाम का आदेश जारी कर दिया गया है। यह जारी दिनांक से 1 वर्ष के लिए नामांकित रहेंगे। सम्मिलन जारी रहने के दौरान भी अगर सभापति/अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू किसी कारणवश कहीं चले जाते हैं या अनुपस्थित रहते हैं तो भी इनके अब्सेंट में नामांकित पार्षद प्राथमिकता क्रम के अनुसार पर अध्यक्षता करेंगे। अध्यक्ष की अनुपस्थिति के दौरान नामांकित प्रथम क्रम के अनुसार पार्षद इंजीनियर सलमान को पहले अध्यक्षता का अवसर मिलेगा और इनकी भी अनुपस्थिति यदि इस दौरान होती है।

### 18 करोड़ से मुख्यमार्ग डामरीकरण कार्य विधायक ने कराया प्रारंभ

# मुख्यमंत्री द्वारा जल्द होगा बड़े विकास कार्यों का लोकार्पण: वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नेहरू नगर चौक से दुर्ग शहरी क्षेत्र के हृदयस्थल से गुजरते हुए मिनीमाता चौक तक जाने वाले मुख्य मार्ग का 64 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है जिसके अंतर्गत 18 करोड़ की लागत से प्रस्तावित डिवाइडर के दोनों ओर 9 मीटर की सड़क का डामरीकरण कार्य का वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा व भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने नेहरू नगर चौक से शुभारंभ कराया।

वोरा ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण कार्य में अब तेजी आई है बरसात के पूर्व डामरीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे



कार्यों को पूर्ण किया जाना आवश्यक है ताकि आमजनता को हो रही असुविधा दूर हो सके। शहर में मार्ग चौड़ीकरण के साथ ही ऑडिटोरियम निर्माण, उद्योग भवन, ट्रांजिट हॉस्टल, कामकाजी महिला छात्रावास, प्रयास हॉस्टल, ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, सरस्वती नगर में प्रधानमंत्री आवास, पोटिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे करोड़ों रु के विकास कार्य प्रगतिरत हैं। जिनमें से पूर्ण हो चुके कार्यों का अतिशीघ्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों लोकार्पण कराने हेतु समय लिया जाएगा।

#### कामकाजी महिला छात्रावास एवं ट्रांजिट हॉस्टल का किया निरीक्षण

विधायक वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने जल परिसर स्थित 3 करोड़ से बने कामकाजी महिला छात्रावास एवं 10 करोड़ की लागत से लोनिवि द्वारा बनाए गए ट्रांजिट हॉस्टल, एवं प्रयास छत्रवास के पूर्ण हो चुके कार्यों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। वोरा ने सरकार के विज़न की तारीफकरते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र में बाहर से आने वाले सरकारी कर्मचारियों से लेकर कामकाजी महिलाओं एवं पढ़ने वाले बच्चों तक सभी को सर्वसुविधायुक्त वातावरण में आवास व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए शासन का प्रयास सराहनीय है। सरकारी अधिकारियों के निवास के लिए ट्रांजिट हॉस्टल में जहां 54 सुविधाजनक वन बीएचके फ्लैट बनाए गए हैं वहीं 100 बिस्तरों व 48 कमरों की क्षमता वाले कामकाजी महिला छात्रवास में वार्डन रूम, बैडमिंटन कोर्ट, उद्यान, सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा पूर्ण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, जितेंद्र समैया, एल्डरमैन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, सुमित वोरा उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950